दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



सितंबर से पहले पूरी करेंगी राका की शूटिंग

टॉक्सिक के लिए तोड़ा नो प्रमोशन रूल

वर्ष : 12 अंक : 229 लखनऊ, 12 अगस्त, बुधवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

## विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को संसद फिर स्थगित

# आरोप- प्रत्यारोपों के बीच 17वें दिन भी सदन में नहीं चल सके प्रश्नकाल और शून्यकाल, विपक्ष की नारेबाजी के बीच लोकसभा में 2 विधेयक पास

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर चर्चा और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे कांग्रेस और सपा समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के स्थगित कर दी गई।

■ केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 भी पारित

हंगामे के बीच ही सदन ने केरल नाम परिवर्तन विधेयक, 2026 और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को चर्चा के बिना ध्वनिमत से पारित कर दिया। मानसून सत्र के चौथे सप्ताह के दूसरे दिन की कार्यवाही भी 3 सप्ताह की तरह हंगामेदार रही और लगातार 17वें कार्यदिवस को भी सदन में प्रश्नकाल तथा शून्यकाल नहीं चल सके। एगृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 'केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026' चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश किया। विपक्षी दलों के सांसद नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच ही सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया।



### ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक 2026 राज्यसभा से पारित

ट्रिब्यूनल सुधार विधेयक, 2026 मंगलवार को राज्यसभा से भी पारित हो गया। इस विधेयक में देश के विभिन्न ट्रिब्यूनल में अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति के लिए नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन गठित करने का प्रावधान किया गया है। सोमवार को लोकसभा ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी। विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी इंडी ब्लॉक के दलों ने दोपहर बाद सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को सभापति की ओर से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बाद विपक्ष ने यह दम उठाया। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ट्रिब्यूनल तेजी से न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया किमोदी सरकार ने 2016 में ट्रिब्यूनल के युक्तिकरण की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद 2021 में ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम लाया गया। नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन की स्थापना इस विधेयक का मुख्य आधार है। आयोग में 2 न्यायिक और 2 तकनीकी सदस्य होंगे। इसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश या किसी हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाएगी।

### पीएम ई-ड्राइव योजना मार्च 2028 तक बढ़ी, इलेक्ट्रिक दोपहिया पर मिलेंगे 5,000

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने वाली पीएम ई-ड्राइव योजना को दो साल के लिए आगे बढ़ा दिया है। अब यह योजना 31 मार्च 2028 तक जारी रहेगी। सरकार ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए खरीद पर मिलने वाले प्रोत्साहन को भी जारी रखा है। योजना का कुल बजट 11,900 करोड़ रखा गया है। इसका मकसद इन वाहनों को तेजी से अपनाने, चार्जिंग ढांचे को मजबूत करने और देश में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण से जुड़े पूरे तंत्र को बढ़ावा देना है।

### इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने राज्यसभा से किया वॉकआउट

इंडिया ब्लॉक के दलों ने मंगलवार को राज्यसभा से वॉकआउट किया। यह वॉकआउट दोपहर बाद की कार्यवाही में हुआ, जब न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान सभापति ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति नहीं दी।राज्यसभा में इससे पहले भी विपक्षी दल शाह से पिछले महीने प्रदर्शनकारी छात्रों पर बल प्रयोग और पैलेट गन के इस्तेमाल पर बयान देने की मांग कर रहे थे। राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी का मुद्दा भी विपक्ष उठा रहा है। कार्यवाही शुरू होने के बाद न्यायाधिकरण सुधार विधेयक पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे। सभापति ने सांसदों से सिर्फ विधेयक पर बोलने को कहा। उन्होंने शुरुआत में विपक्ष के नेता खरगे को बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद विपक्षी सांसदों ने 'एलओपी को बोलने दो' के नारे लगाए।



### ◆ वंदे मातरम बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी, अब मिलेगा कानूनी संरक्षण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एक विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके तहत जानबूझकर राष्ट्रगान वंदे मातरम के गायन में बाधा डालना या उसे रोकना अपराध माना जाएगा। सरकार के एक बयान में कहा गया है कि इस विधेयक के तहत राष्ट्रगान को वर्तमान में प्राप्त कानूनी संरक्षण वंदे मातरम को भी दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में पहली बार लाल किले की प्राचीर से वंदे मातरम गाया जाएगा। इससे पहले, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम अधिनियम के तहत जानबूझकर राष्ट्रगान (जन गण मन) गाने से रोकना या ऐसे गायन में लगे किसी भी सभा में अशांति पैदा करना प्रतिबंधित था।

### भारत में जल्द शुरू हो सकता है ट्रायल, सरकार ने 10 और 20 के 2 अरब नोटों को दी मंजूरी

केंद्र सरकार ने 10 रुपए और 20 रुपए के पॉलीमर बैंक नोटों के फील्ड ट्रायल को मंजूरी दे दी है। सरकार ने दोनों मूल्यवर्गों में एक-एक अरब (100 करोड़) पॉलीमर नोट जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।राज्यसभा में



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने केंद्रीय निदेशक मंडल की सिफारिश के आधार पर आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 25 के तहत यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। इस प्रस्ताव में फील्ड ट्रायल के बाद सफल परिणाम मिलने पर इन मूल्यवर्गों में पॉलीमर नोटों को नियमित रूप से जारी करने की भी योजना शामिल है। वित्त मंत्री ने कहा, "सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### सहकारी विकास निगम का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने वाला विधेयक लोकसभा में पारित

लोकसभा ने मंगलवार को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2026 को हंगामे के बीच पारित कर दिया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के अधिकार क्षेत्र का विस्तार करना है।विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच, सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने यह विधेयक पारित करने के लिए पेश किया, हालांकि विधेयक सहकारिता मंत्री अमित शाह के नाम से सूचीबद्ध था।विधेयक के तहत एनसीडीसी को सहकारी समितियों या इस क्षेत्र के विकास में लगी किसी भी इकाई को सीधे ऋण और अनुदान देने का अधिकार मिल सकेगा।



राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल

## खबर संक्षेप

### सीएम विजय ने बच्चे को गोद लिया, सैल्यूट किया

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय मंगलवार को एक अलग अंदाज में दिखे। दरअसल, वे चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में आयोजित राज्य-स्तरीय 'नशा-मुक्त तमिलनाडु' कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां वे पुलिस की वर्दी पहने एक बच्चे को मंच पर बुलाया और उसे गोद में लिया। जब वह जा रहा था, तो विजय ने सैल्यूट किया।



### तमिलनाडु में नीट परीक्षा के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने मंगलवार को नीट के अस्तित्व के ही खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। तमिलनाडु में सत्ताधारी टीवीके और कांग्रेस समेत उसके सहयोगियों के अलावा, मुख्य विपक्षी दल डीएमके, एआईएडीएमके और अन्य ने भी नीट विरोधी प्रस्ताव का समर्थन किया व भाजपा ने वॉकआउट।



### कोविंद की आत्मकथा का विमोचन आज

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की आत्मकथा का विमोचन करेंगे। इसका शीर्षक ट्रायम्फ ऑफ़ द इंडियन रिपब्लिकः माई लाइफ़, माई स्ट्रगल्स है। पीएमओ ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पीएम मोदी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।



### ममता को बड़ा झटका बैंक खाते फ्रीज रहेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने टीएमसी के उन बैंक खातों को लेकर दखल देने से इनकार कर दिया है, जिन्हें ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत फ्रीज किया था। जस्टिस एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की बेंच ने सुनवाई की। टीएमसी ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 3 एचडीएफसी बैंक खातों को मर्जी से चलाने की इजाजत नहीं थी।



## झारखंड में परीक्षा विवाद पर छात्रों का आंदोलन उग्र, सरकार ने कहा

सीएम सोरेन ने किया ऐलान

# 14वीं जेपीएससी और पीटी परीक्षा होगी रद्द और कई परीक्षाओं की कराई जाएगी जांच

*जेएसएससी सीजीएल परीक्षा भी जांच के दायरे में, प्रक्रिया में सुधार की जरूरत बताई*







अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

झारखंड में जेपीएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को विधानसभा में बड़ा ऐलान किया। सोरेन ने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर है और जेपीएससी व जेएसएससी से जुड़े मामलों की जांच कराई जा रही है।

हेमंत ने सदन में घोषणा की कि 14वीं जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) समेत वर्ष 2023 और 2025 में जेपीएससी द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं को रद्द किया जाएगा। 11वीं और 13वीं जेपीएससी परीक्षा, एफआरओ, एपीपी तथा टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं की भी जांच कराने की घोषणा की। इसके बाद जेएसएससी सीजीएल परीक्षा भी जांच के दायरे में आ गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में व्यापक सुधार की जरूरत है।

### विशेषज्ञों के साथ विचार विमर्श करेंगे

सीएम ने कहा कि परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से भी सलाह लेगी। इसके लिए आईआईटी, आईआईएम और एक्सएलआरआई समेत देश के बड़े शैक्षणिक एवं प्रबंधन संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा को जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा विवाद के बीच सरकार की ओर से अब तक के सबसे बड़े फैसलों में से एक माना जा रहा है।

### विपक्ष नौजवानों को दिग्भ्रमित कर रहा

सोरेन ने छात्रों से आंदोलन को शांतिपूर्ण बनाए रखने और राजनीतिक ताकतों के बहकावे में नहीं आने की अपील की है। सोरेन ने कहा कि वह छात्रों की चिंताओं को समझते हैं और विपक्ष के कुछ नेताओं पर आंदोलन का राजनीतिक लाभ उठाने के लिए माहौल खराब करने की कोशिश का आरोप लगाया।

### झारखंड बंद पर बोले मरांडी

### भाजपा सड़कों पर उतरी, लाठियों से छात्रों कीआवाज नहीं दबा सकते

रांची में विधानसभा घेराव के दौरान सोमवार को छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने झारखंड बंद का आह्वान किया। अब इसका असर भी देखने को मिल रहा है। सड़कों पर भाजपा कार्यकर्ता उतर गए हैं।



हरमू चौक पर टायर जलाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा छात्रों की न्यायसंगत मांगों के साथ मजबूती से खड़ी है। मरांडी ने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन और रांची के उपायुक्त ने गलत तरीके से कार्रवाई की है। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि भाजपा इस मुद्दे को विधानसभा के पटल पर पूरी मजबूती के साथ उठाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी।

### *भाजपा ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन*

*भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों पर सोमवार को हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को रांची में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के विधानसभा घेराव का मिला-जुला असर देखने को मिला। शहर के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।*

### फर्जीवाड़ा मामले में बड़ा खुलासा

### 15 उम्मीदवारों से लिए गए 12-12 लाख रुपए

जेपीएससी-जेएसएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी की जांच के बीच सीआईडी की पूछताछ में अभय तिवारी के कथित दावों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। परीक्षा संचालन से जुड़ी कंपनी टीडीपीएल के तत्कालीन मार्केटिंग मैनेजर रहे अभय तिवारी फिलहाल सीआईडी रिमांड पर हैं।



बताया जा रहा है कि पूछताछ में उन्होंने सितंबर 2024 में हुई परीक्षा के पेपर लीक होने का दावा किया है।

### छात्रों पर कार्रवाई, राहुल कब लेंगे सोरेन का इस्तीफाः हर्ष

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने झारखंड में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस की 'बर्बर' कार्रवाई को लेकर मंगलवार को लोकसभा मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना की और पूछा कि वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस्तीफे की मांग कब करेंगे

### एबीवीपी के 110 कार्यकर्ता अरेस्ट

राज्य विधानसभा की ओर मार्च कर रहे एबीवीपी के 110 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जैसे ही रांची के पुराने विधानसभा क्षेत्र से मार्च शुरू किया, उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

## फुकेट से दिल्ली लौटते वक्त हादसा

# एयर इंडिया के आउटगोइंग सीईओ को किया गया तलब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंड्या की फ्लाइट एआई 2379 में 4 अगस्त को उड़ान के दौरान अचानक करीब 300 फीट की ऊंचाई कम होने और 17 यात्रियों व क्रू सदस्यों के घायल होने के मामले में सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। आउटगोइंग सीईओ कैंपबेल विल्सन ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय और डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।बैठक के बाद बाहर निकलते हुए विल्सन ने कहा कि बैठक में जांच की स्थिति को लेकर अपडेट दिया गया। उन्होंने कहा कि आगे की जानकारी देना नागरिक उड्डयन मंत्री पर निर्भर है।नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार एऐयर इंडिआ से जुड़े व्यापक सुरक्षा और संचालन संबंधी मुद्दों की समीक्षा की जा रही है।



■ 17 यात्रियों व क्रू सदस्यों के घायल होने के मामले में सरकार की सख्ती

इसमें फुकेट-दिल्ली फ्लाइट में हुई घटना भी शामिल है, जिसमें 17 यात्री और क्रू सदस्य घायल हुए थे। विल्सन ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि वे जांच की स्थिति को लेकर अपडेट दे रहे थे। उन्होंने आगे की जानकारी देने के सवाल पर कहा कि यह नागरिक उड्डयन मंत्री पर निर्भर है।

### *13 यात्री और चार क्रू सदस्य जख्मी हुए थे*

*दिल्ली में विमान के उतरने के बाद 13 यात्रियों और चार केबिन क्रू सदस्यों को अस्पताल ले जाया गया। एयर इंडिया ने बाद में बताया कि पांच यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य का इलाज और निगरानी जारी थी।एयरलाइन ने कहा कि वह प्रभावित यात्रियों और क्रू सदस्यों को जरूरी सहायता दे रही है और जांच में पूरा सहयोग कर रही है। उड़ान से जुड़े ओपन-सोर्स ट्रैकिंग डेटा में भी विमान की ऊंचाई में थोड़ी देर के लिए कमी दिखाई दी।सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में विमान के केबिन के अंदर नुकसान दिखाई देने की बात भी सामने आई। यात्रियों ने अचानक विमान नीचे आने और कई मिनट तक तेज झटके महसूस होने की जानकारी दी।*

### 137 यात्रियों को लेकर दिल्ली आ रही थी फ्लाइट

एयरबस ए320 फ्लाइटएआई 2379 ने 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान में 137 यात्री थे, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल थे। इसके अलावा आठ क्रू सदस्य विमान में सवार थे। उड़ान के दौरान विमान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गया। एयर इंडिया ने शुरुआत में इसे थोड़ी देर के लिए हुई टर्बुलेंस से जुड़ी घटना बताया था, जिसके कारण विमान की ऊंचाई में अचानक बदलाव आया। हालांकि बाद में डीजीसीए ने इसे गंभीर घटना की श्रेणी में रखा और जांच एएआईबी को सौंप दी।

## मंगल मिलन बैठक में पीएम मोदी

# तिरंगा लहराकर राजग सांसदों ने किया प्रधानमंत्री का स्वागत



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

संसद भवन परिसर में मंगलवार को सत्तारूढ़ राजग की साप्ताहिक संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहुंचने पर राजग सांसदों ने तिरंगा लहराकर तथा वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। संसद भवन पुस्तकालय स्थित जीएमसी बालयोगी सभागार में आयोजित इस 'मंगल मिलन' बैठक में केंद्रीय मंत्रियों, राजग नेताओं और गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया। बैठक में जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने मंत्रालय के कार्यों पर एक प्रस्तुति भी दी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, एस जयशंकर, राजग के एचडी कुमारस्वामी, तकिंजरापु राम मोहन नायडू, रामदास अठावले, प्रफुल्ल पटेल, उपेंद्र कुशवाहा और शताब्दी रॉय मौजूद रहे।

## पंजाब भाजपा में संगठनात्मक फेरबदल के बाद बगावत

# होशियारपुर में 111 पदाधिकारियों ने दिए इस्तीफे, ढिल्लों तलब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पंजाब भाजपा में संगठनात्मक फेरबदल के बाद बगावती सुर उठे हैं। जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों से पुराने और वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों को दिल्ली बुलाया गया है। उन्हें संगठन में बढ़ते असंतोष को तत्काल नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। नाराज नेताओं से संवाद बढ़ाने को कहा गया है। केंद्रीय नेतृत्व सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की रणनीति पर काम करने के संकेत दिए गए हैं। ढिल्लों के पंजाब लौटते ही नाराज नेताओं से बातचीत का दौर शुरू होने की संभावना है। होशियारपुर, लुधियाना, फरीदकोट, खन्ना, मुक्तसर और संगरूर में विरोध शांत करना प्राथमिकता है। सुखमिंदर ग्रेवाल और मनिंदर सिंह के इस्तीफों से नेतृत्व पर दबाव बढ़ा है। होशियारपुर में 111 पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफे दिए हैं।



*नाराज टकसाली नेताओं को मनाने के प्रयास शुरू असंतोष को तत्काल नियंत्रित करने के निर्देश*

### नाराज नेताओं ने अनदेखी का लगाया आरोप

भजपा नेतृत्व के सामने पुराने और टकसाली नेताओं की नाराजगी सबसे संवेदनशील मुद्दा है। इन नेताओं का आरोप है कि संगठनात्मक नियुक्तियों में उनकी अनदेखी की जा रही है। नए चेहरों को प्राथमिकता दी जा रही है। स्थिति संभालने के तहत हाईकमान अब वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेना चाहता है। उन्हें यह संदेश दिया जाएगा कि पार्टी में उनकी भूमिका और सम्मान बरकरार है।

### नियुक्तियों में बदलाव से बढ़ा असंतोष

संगठनात्मक नियुक्तियों में तेजी से किए गए बदलाव भी असंतोष का बड़ा कारण बने हैं। महज दो सप्ताह के भीतर छह जिला अध्यक्षों को बदलने के फैसले ने सवाल खड़े किए हैं। अब संभावना है कि नेतृत्व आगे की नियुक्तियों में व्यापक सलाह-मशविरा करेगा। वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसा विवाद न हो।

### हरियाणा के सीएम सैनी बोले

### पंजाब में भाजपा अकेले लड़ेगी, किसी दल से कोई गठबंधन नहीं होगा

पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और शिअद के बीच गठबंधन की चल रही अटकलों पर भाजपा ने सोमवार को विराम लगा दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में कहा कि पंजाब में भाजपा का गठबंधन किसी राजनीतिक दल से नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता से है।



# तिरंगा यात्रा में गूंजा भारत माता का जयघोष, राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा निगोहां

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को भाजपा निगोहां मंडल के तत्वावधान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा और राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ निकली यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'हर घर तिरंगा, हर मन तिरंगा' के जयघोष से गूंज उठा।




## मंडल कार्यालय से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा निगोहां मंडल कार्यालय से हुआ यहां राष्ट्रध्वज को नमन करने के बाद यात्रा नगराम मोड़ सहित क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी और पुनःमंडल कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई पूरे मार्ग में कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का संदेश दिया देशभक्ति गीतों की धुन पर आगे बढ़ रहे कार्यकताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत कर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## राष्ट्रध्वज देश की आन-बान और शान का प्रतीक

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव, स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज का सम्मान करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करने का जन अभियान है।

## युवाओं में दिखा खासा उत्साह

तिरंगा यात्रा में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही युवा हाथों में तिरंगा लेकर पूरे जोश के साथ राष्ट्रभक्ति के नारे लगाते हुए आगे बढ़े पूरे मार्ग में अनुशासन और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। यात्रा के दौरान लोगों ने तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

## बड़ी संख्या में मौजूद रहे पदाधिकारी व कार्यकर्ता

कार्यक्रम में भाजपा निगोहां मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा प्रांशु चौरसिया, युवा नेता सौरभ सिंह, मोहनलालगंज के पूर्व मंडल अध्यक्ष चक्रवीर सिंह, नागेशचंद अवस्थी, संकट मोचन शर्मा, राजेंद्र मौर्य, दिनेश सैनी, चंदन सिंह, साजन सिंह तथा सुनील कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रधान बैरिसलपुर आशीष सिंह (विन्नू), मंडल कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह, बूथ अध्यक्ष विपिन बाजपेई, रामसनेही रावत, हरि प्रताप रावत, विभिन्न शक्ति केंद्रों एवं सेक्टरों के संयोजकों के साथ भाजपा कार्यकर्ता अभिषेक शुक्ला और भवनेश्वर चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने यात्रा में सहभागिता की।

## राष्ट्रहित के लिए लिया संकल्प

यात्रा के समापन पर सभी कार्यकताओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने तथा प्रत्येक नागरिक तक राष्ट्रभक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भाजपाइयों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत मंगलवार को गोसाईगंज क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी अमेठी मंडल की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष पंकज नयन पटेल के नेतृत्व में निकली यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर निकले कार्यकताओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा का शुभारंभ जय गुरुदेव आश्रम, लोनी तट गंगागंज से हुआ। इसके बाद तिरंगा यात्रा गंगागंज चौराहा, रहमतनगर, मुंशीगंज, अमेठी और कोडरा कट होते हुए वापस जय गुरुदेव आश्रम पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंजता रहा। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा डिंपल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष केके अवस्थी, मंडल प्रवासी वीरेंद्र रावत, पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज व अभिषेक रावत सहित अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र रावत, दीपचंद वर्मा, मंडल महामंत्री डीडी त्रिपाठी, उमाकांत साहू, मंडल उपाध्यक्ष अंकित वर्मा, अंकित प्रजापति, संतोष सिंह, राम प्रघट रावत, मोनू वर्मा, प्रेम शंकर वर्मा, सत्यम सोनी, रघुवर रावत व सुनील दिवाकर तथा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामजी विश्वकर्मा समेत मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष शामिल रहे। अतुल यादव, सोहिल यादव और राहुल कुमार समेत सैकड़ों आम नागरिकों ने भी यात्रा में सहभागिता की। कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा लहराते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया। यात्रा के दौरान क्षेत्र में जगह-जगह देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।



# चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एयरपोर्ट पर यात्रियों की अतिरिक्त अनिवार्य जांच की जाएगी।इसके तहत सीआईएसएफ जवानों को जगह-जगह लगाया गया है। साथ ही संदिग्ध वस्तुओं की जांच के अलावा एयरपोर्ट पर आने वाले वाहनों और यात्रियों की सघन जांच की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था के चलते यात्रियों को सामान्य दिनों की अपेक्षा सुरक्षा जांच में अधिक समय लग सकता है। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी निर्धारित उड़ान के समय से पहले हवाई अड्डे पहुंचें, जिससे चेक-इन, सुरक्षा जांच और बोर्डिंग की प्रक्रिया समय से पूरी की जा सके। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पहले से तैयार रखें। इनमें टिकट, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक यात्रा दस्तावेज शामिल हैं। सुरक्षा जांच के दौरान किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए यात्रियों से निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने और सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करने को कहा गया है। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाती है। इसी क्रम में चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी सुरक्षा जांच और निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है। इस दौरान प्रवेश द्वार से लेकर टर्मिनल परिसर तक सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे अतिरिक्त सुरक्षा जांच को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं और जल्दबाजी से बचें। उन्होंने कहा कि यात्रियों के सहयोग से एयरपोर्ट पर सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# निबंधन क्षेत्राधिकार बदलाव पर अधिवक्ताओं का विरोध तेज

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। निबंधन कार्यालयों के क्षेत्राधिकार में बदलाव संबंधी शासन के 4 अगस्त 2026 के आदेश के विरोध में मंगलवार को मोहनलालगंज तहसील सभागार में लखनऊ जनपद की चार तहसील बार एसोसिएशनों की संयुक्त आम सभा आयोजित की गई सभा में मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, बीकेटी और मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया अधिवक्ताओं ने शासनादेश को मनमाना, अव्यावहारिक और जनहित के प्रतिकूल बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की सभा की अध्यक्षता मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला ने की जबकि संचालन महामंत्री रामलखन यादव ने किया वक्ताओं ने कहा कि निबंधन कार्यालयों के क्षेत्राधिकार में किया गया बदलाव किसी ठोस सैद्धांतिक आधार पर नहीं इससे न केवल अधिवक्ताओं के कार्य प्रभावित होंगे, बल्कि किसानों, वादकारियों और ग्रामीण क्षेत्र के आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना था कि शासन को ऐसा निर्णय लेने से पहले संबंधित बार एसोसिएशनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श करना चाहिए था संयुक्त सभा में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्राधिकार में बदलाव से दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए लोगों को अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त हानि होगी। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि यह आदेश व्यवहारिक परिस्थितियों को नजरअंदाज कर जारी किया गया है और इससे आम जनता की समस्याएं बढ़ेंगी। मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला ने कहा कि यदि सभी बार एसोसिएशन एकजुट होकर आंदोलन करेंगे तो शासन को अपना निर्णय वापस लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल अधिवक्ताओं का नहीं बल्कि किसानों वादकारियों और आम जनता के अधिकारों से जुड़ा हुआ है। सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.एस. निर्मल ने शासन के निर्णय को पूरी तरह अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा तथा मंडल स्तर तक विरोध दर्ज कराया जाएगा। बीकेटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. शर्मी मिश्रा ने कहा कि शासन के इस निर्णय से अधिवक्ताओं के साथ-साथ किसान और ग्रामीण जनता भी प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सभी अधिवक्ता एकजुट होकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे लंबी चर्चा के बाद चारों तहसील बार एसोसिएशनों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि जब तक शासन द्वारा 4 अगस्त 2026 को जारी आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक सभी अधिवक्ता संयुक्त रूप से शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि यदि शासन ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो मंडल स्तर पर संयुक्त अधिवक्ता सम्मेलन बुलाकर जिला बार एसोसिएशन एवं अन्य तहसीलों के अधिवक्ताओं के साथ आगे की रणनीति तय की जाएगी। सभा में अधिवक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक तहसील तक सीमित नहीं बल्कि अधिवक्ताओं, किसानों, वादकारियों और आम जनता के हितों से जुड़ा हुआ है। इसलिए शासन को जनहित को प्राथमिकता देते हुए 4 अगस्त 2026 के विवादित शासनादेश पर पुनर्विचार कर उसे तत्काल निरस्त करना चाहिए संयुक्त सभा के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन से आदेश वापस लेने की मांग दोहराई गई।

# वाराणसी में उतरने वाले दो विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। वाराणसी में उतरने वाले दो विमान मंगलवार को डायवर्ट होकर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरे। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि वाराणसी एयरपोर्ट के रनवे पर गड़बड़ी के कारण इन विमानों को लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां काफी देर तक खड़े रहने के बाद दोनों विमानों को यहां से रवाना कर दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि वाराणसी एयरपोर्ट पर रनवे विस्तार को लेकर काम चल रहा है। यह कार्य रात में होता है, जिसकी वजह से रात में यहाँ विमानों का संचालन बंद रहता है और दिन में ही विमान संचालित होते हैं। लेकिन रात में चल रहे कार्य के दौरान कुछ सामान रनवे पर रह गया था। मंगलवार दोपहर एक विमान के उतरने के बाद उसके पायलट ने एटीसी को रनवे में गड़बड़ी की सूचना दी। तब एयरपोर्ट अधिकारियों ने रनवे पर पहुंचकर जांच की तो रात में चले निर्माण कार्य का सामान रनवे पर पड़ा मिला। जिसके बाद यहां विमानों की लैंडिंग रोक कर आसपास के हवाई अड्डों पर डायवर्ट कर दिया गया। जिसमें से दो विमानों को लखनऊ डायवर्ट किया गया। इसमें अहमदाबाद से दोपहर 1:10 बजे वाराणसी पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 6805) को लखनऊ डायवर्ट किया गया। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर दोपहर 1:27 बजे उतरा। इसी तरह नवी मुंबई से दोपहर 2:05 बजे वाराणसी पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2442) भी वाराणसी एयरपोर्ट पर नहीं उतर सकी। एटीसी ने इसे भी लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया। यह विमान दोपहर 1:55 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। दोनों उड़ानें लखनऊ एयरपोर्ट पर काफी देर तक खड़ी रहीं। बाद में वाराणसी एयरपोर्ट का रनवे सही होने पर दोनों उड़ानों को लखनऊ से वाराणसी के लिए रवाना कर दिया गया।

# सतीश महाना से मिले यूपी टी-20 लीग के खिलाड़ी

## सीजन-4 की ट्रॉफी के साथ पहुंचे विधानसभा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी-20 लीग सीजन-4 की ट्रॉफी के साथ यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर एवं लीग की सभी छह फ्रेंचाइजी टीमों के कप्तानों ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधान सभा पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर डॉ. संजय कपूर ने विधानसभा अध्यक्ष को उत्तर प्रदेश टी-20 लीग सीजन-4 की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि लीग का शुभारंभ 14 अगस्त से लखनऊ स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 6 सितंबर को कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेला जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश टी-20 लीग प्रदेश के युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस लीग के माध्यम से प्रदेश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी मिलेंगे, जो राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर विधानसभा पहुंचने वाले खिलाड़ियों में लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान भुवनेश्वर कुमार, कानपुर सुपरस्टार्स के कप्तान समीर रिजवी, नोएडा किंग्स के कप्तान माधव कौशिक, गौर गोरखपुर लायंस के कप्तान आर्यन जुयाल, मेरठ मावेरिक्स के कप्तान स्वास्तिक चिकारा तथा काशी रुद्रास के कप्तान करण शर्मा शामिल रहे।

सभी खिलाड़ियों ने विधानसभा अध्यक्ष से भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्राप्त कीं। शिष्टाचार भेंट के बाद खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश विधान सभा भवन के विभिन्न कक्षों एवं प्रमुख स्थलों को देखा और विधानसभा की ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक एवं स्थापत्य विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

# कंधों पर कांवड़ और दिल में मम्मी पापा की लंबी उम्र की कामना

अमन लेखनी समाचार

- छह साल की महक और अनन्या हरिद्वार से मेरठ तक लाई 11 लीटर गंगाजल



मेरठ। उम्र महज छह साल, कंधों पर 11 लीटर जल की कांवड़ और मन में माता-पिता की लंबी उम्र की कामना। इसी संकल्प के साथ मेरठ की सगी बहनें महक और अनन्या हरिद्वार से कांवड़ लेकर करीब एक सप्ताह तक पैदल चलीं। सोमवार को दोनों बहनें कांवड़ लेकर मेरठ पहुंचीं तो रास्ते में उन्हें देखने वाले लोग उनके उत्साह और संकल्प की सराहना करते नजर आए।

मंगलवार को दोनों बहनों ने कांवड़ से लाए गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने अपने मम्मी-पापा की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की। महक और अनन्या ने बताया कि उन्होंने भगवान भोलेनाथ से अपने माता-पिता के स्वस्थ और दीघार्यु रहने की प्रार्थना की थी। इसी मनोकामना के साथ उन्होंने हरिद्वार से कांवड़ यात्रा शुरू की। यात्रा के दौरान दोनों बहनें उत्साह के साथ बोल बम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ती रहीं। करीब एक सप्ताह पहले हरिद्वार से शुरू हुई यात्रा के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने दोनों बहनों को देखकर उनका उत्साह बढ़ाया और आशीर्वाद दिया। मेरठ पहुंचने पर भी लोगों ने उनकी आस्था और संकल्प की सराहना की।

भगवान शिव के जलाभिषेक के समय दोनों बहनों की सबसे बड़ी प्रार्थना अपने माता-पिता की अच्छी सेहत और लंबी उम्र को लेकर रही। उनकी यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ माता-पिता के प्रति स्नेह और भावनात्मक लगाव की मिसाल भी बनी

# संसद में प्रत्येक जनप्रिनिधि की आवाज सुनी जाये : चौधरी सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने संसद की कार्यप्रणाली और देश के मूल मुद्दों को लेकर सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां किसान, ग्रामीण विकास, युवाओं को रोजगार, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और आम जनता की आर्थिक परेशानियां हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जनता से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर संसद में अपेक्षित चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, जब संसद में मौजूद 543 सांसदों की आवाज नहीं सुनी जाती, तो 850 सांसदों की आवाज कैसे सुनी जाएगी? लोकतंत्र में केवल जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाना महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि जरूरी यह है कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि की आवाज सुनी जाए और जनता से जुड़े सवालों पर सार्थक बहस हो। उन्होंने कहा कि संसद का समय ऐसे विषयों में व्यर्थ करने के बजाय किसानों की समस्याओं, ग्रामीण विकास, बेरोजगारी, युवाओं के रोजगार, महंगाई और आम नागरिक की आर्थिक परेशानियों पर ठोस चर्चा होनी चाहिए। देश की संसद को जनता की वास्तविक समस्याओं का समाधान तलाशने का मंच बनना चाहिए। चौधरी सुनील सिंह ने कहा संसद जनता की आवाज है।

# भाजपा महानगर के मंडलों में निकलीं तिरंगा यात्राएं

**लखनऊ।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर ने राष्ट्रभक्ति का माहौल बनाने के लिए महानगर के विभिन्न मंडलों में तिरंगा यात्रा और बाइक रैली का आयोजन किया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने विधिक प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित बाइक रैली में सहभागिता की। इसके बाद उन्होंने सरोजनीनगर विधानसभा के मंडल-दो में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होकर कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया। भाजपा लखनऊ महानगर आनंद द्विवेदी ने कहा कि अब तक भाजपा लखनऊ महानगर के 12 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा चुकी वही कल शेष 13 मंडलों में आयोजित किया जाएगा। तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपील पर देशभर में लोग उत्साह के साथ तिरंगा अपने घरों पर फहरा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता भी प्रत्येक परिवार को इस अभियान से जोड़ने के लिए पूरी ताकत से जुटे हैं। भाजपा महानगर के मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि मंगलवार को महानगर के विभिन्न मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं आयोजित की गईं।



# राहुल गांधी देश में अराजकता और झूठ के बने पोस्टर बॉय : ब्रजेश पाठक

## भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक प्रेसवार्ता कर विपक्ष पर जमकर बरसे

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक नें मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि राहुल गांधी, गृह मंत्री आपके हर सवाल का जवाब देने सदन में आ रहे हैं, अब मैदान छोड़कर भागना मत और चर्चा से डरना मत। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसदीय इतिहास की सारी गरिमा और मर्यादा को तार-तार कर दिया है। राहुल गांधी देश में अराजकता और झूठ के पोस्टर बॉय का प्रतीक बन गए हैं।



- कहा, गृहमंत्री अमित शाह सदन में हर सवाल का देंगे जवाब, डरकर भागना मत

ब्रजेश पाठक ने कहा कि पूरा देश 15 दिनों से देख रहा है कि राहुल गांधी ने किस तरह बार-बार झूठ बोल कर और भ्रम फैलाकर संसद को हाईजैक किया हुआ है। उन्होंने हर दिन अपना गोलपोस्ट चेंज कर रहे हैं, उनका मकसद संवाद करना नहीं बल्कि अराजकता फैलाना है। राहुल गांधी ने पहले कहा कि शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना होगा। फिर कहा कि सदन में नीट पर चर्चा होना चाहिए। सरकार ने केवल चर्चा ही नहीं की बल्कि पेपर लीक पर कानून को और सख्त बनाया। राहुल गांधी ने फिर एक नया बहाना बनाते हुए कहा कि जंतर-मंतर प्रोटेस्ट पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें। जबकि सरकार पहले दिन से कह रही थी कि कांग्रेस और विपक्ष पहले सदन चलने तो दे, हम हर विषय पर चर्चा करने और जवाब देने के लिए तैयार हैं लेकिन कांग्रेस ने संसद चलने नहीं दिया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जब स्पष्ट कर दिया कि गृह मंत्री सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं, तो राहुल गांधी ने फिर अपना गोलपोस्ट चेंज कर लिया। कल प्रेस कांफ्रेंस कर राहुल गांधी ने फिर से झूठ बोला कि जंतर-मंतर पर गोली चली। कोई गोली नहीं चली है। राहुल गांधी झूठ बोलना बंद करो। एक भी गोली कहीं नहीं चली है। राहुल गांधी, कब तक झूठ बोलते रहोगे?

श्री पाठक ने कहा कि राहुल गांधी हर दिन नया झूठ बोलते हैं और भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करते हैं। ये चाहते ही नहीं कि चर्चा हो और गृह मंत्री जवाब दें, क्योंकि अगर चर्चा हुई और सरकार ने जवाब दिया तो राहुल गांधी का हर झूठ और भ्रम का हर जाल तहस-नहस हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री हर सवाल का जवाब देने आ रहे हैं। भागना मत और चर्चा से डरना मत राहुल गांधी।

**राहुल के कानों तक नहीं पहुंचती झारखंड के छात्रों की आवाज :** उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को जंतर-मंतर के छात्रों के प्रदर्शन पर तो राजनीति करनी होती है लेकिन झारखंड के छात्रों की आवाज उनके कानों तक नहीं पहुंचती। झारखंड में जहां उनकी जेएमएम के साथ सरकार है, वहां राहुल गांधी के इशारे पर कंटीले तारे लगाकर, लाठीचार्ज कर, आंसू गैस के गोले छोड़ कर और वाटर कैनन का इस्तेमाल कर छात्रों पर अत्याचार किया जा रहा है लेकिन राहुल गांधी वहां छात्रों के साथ खड़े नहीं होंगे, क्योंकि उन्हें सुविधा की राजनीति करनी है। उन्होंने कहा कि यह सब राहुल गांधी के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा भारी मन और गहरे आक्रोश में है। झारखंड की राजधानी रांची की सड़कों पर जो कुछ भी हुआ है, उसने पूरे देश के लोकतांत्रिक ढांचे और मानवता को शर्मसार कर दिया है। अपने अधिकारों और रोजगार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निहत्थे और निर्दोष छात्रों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की ठगबंधन सरकार ने जिस बर्बरता से लाठियां बरसाई है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी जितनी भी निंदा की जाय, कम है।

**भाजपा झारखंड के युवाओं के साथ :** ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा झारखंड के युवाओं और छात्रों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। छात्रों की मांग को तुरंत कांग्रेस पार्टी और जेएमएम की सरकार पूरा करे। ऐसी भी जानकारी है कि राहुल गांधी के इशारे पर नौकरी में धांधली और पेपर लीक के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर बर्बरतापूर्वक अत्याचार किया गया।

श्री पाठक ने कहा कि राहुल गांधी आज केवल एक विफल नेता ही नहीं रह गए हैं, बल्कि वे देश में अराजकता और झूठ के पोस्टर बॉय बन गए है। असलियत यह है कि राहुल गांधी चाहते ही नहीं कि गृह मंत्री सदन में जवाब दें। उन्हें डर है कि अगर चर्चा हुई और गृह मंत्री ने सभी तथ्य रखे, तो राहुल गांधी के झूठ और भ्रम का पूरा जाल तहस-नहस हो जाएगा। देश का युवा अब कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र को समझ चुका है। झूठ की बुनियाद पर खड़ी राहुल गांधी की यह राजनीति बहुत जल्द औंधे मुंह गिरने वाली है।

# चोरों ने निमार्णाधीन मकान से बिजली के तार और विद्युत उपकरण किया चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में चोरों ने बीते दिनों निमार्णाधीन मकान को निशाना बनाकर बिजली के तार और विद्युत उपकरण चोरी कर लिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कानपुर नगर के जाजमऊ पूर्वी स्थित तिवारीपुर बसिया निवासी निकोलस के मुताबिक उनका निमार्णाधीन मकान बंथरा थाना क्षेत्र में है। निकोलस का कहना है कि बीती एक अगस्त को चोर इस निमार्णाधीन मकान के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और दोनों मंजिलों में लगे बिजली के तार काटकर ले गए। इसके अलावा मकान में रखा विद्युत तार का बंडल और स्विच भी चोरी कर ले गए। पीड़ित ने आशंका जताई है कि वारदात को अंजाम देने वाला व्यक्ति बिजली के काम की जानकारी रखने वाला हो सकता है। उन्होंने बताया कि मकान में मौजूद कुछ उपकरणों पर संदिग्ध के फिंगरप्रिंट हो सकते हैं।

## संक्षेप

### मार्ग दुर्घटना में डीसीएम चालक की हुई मौत

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कोईलिया खेड़ा गांव पास स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेस- वे पर मार्ग दुर्घटना में डीसीएम चालक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।जनपद बहराइच के मोहल्ला काजीपुरा उत्तरी चौकी बशीरगंज निवासी चालक कलीम 50वर्ष पुत्र नादिर अपने साथी महेंद्र कुमार शर्मा के साथ डीसीएम में इटावा से आलू लादकर एक्सप्रेस वे के रास्ते से बहराइच जा रहा था सोमवार रात लगभग 2बजे थाना क्षेत्र के कोईलिया खेड़ा गांव के पास स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डीसीएम को साइड में खड़ी कर टायर की हवा चेक कर रहा था। इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने साइड से पहिये की हवा चेक कर रहे डीसीएम चालक के टक्कर मार दी।हादसे में चालक कलीम गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी औरास पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने कलीम को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी एवं विधिक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### भाई ने बहन के ससुराली जनों पर प्रताड़ना के कारण हत्या का दर्ज कराया मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। अनुज कुमार मिश्रा बालिग ने तहरीर देकर कहा कि मेरी बहन श्रीमती साधना पांडे का विवाह शैलेंद्र कुमार बालिक पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी ग्राम दादामऊ के साथ वर्ष 2015 में हुआ था मेरे बहन व बहनोई सुखमय वैवाहिक जीवन बिता रहे थे और दो संताने भी हैं मेरे बहनोई आर्मी में नौकरी करते थे जो मेरी बहन के नाम शहर में प्लाट खरीद दिया था जिसका निर्माण हो रहा था मेरे बहनोई शैलेंद्र कुमार बालिग के पिता मेरी बहन के ससुर राजेंद्र कुमार पांडे सास पुष्पा पांडे ननद शालिनी ननदोई अजय बाजपेई ननद अल्का उर्फ टीला जेठ मनोज पांडे जेठानी पूनम पांडे प्लाट खरीदे जाने को लेकर लगातार रंजिश मानते थे और परेशान करने लगे वह चाहते थे कि यह प्लांट बहन के ससुर के नाम खरीदा जाए परंतु मेरी बहन के कहने पर उपरोक्त प्लॉट प्रार्थी के बहनोई ने मेरी बहन के नाम खरीदा था शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे उक्त लोगों की प्रताड़ना से तंग होकर दिनांक 16.06.2026 को प्रार्थी की बहन ने फांसी लगा लिया परंतु ससुराली जनों ने बताया कि हार्ट अटैक पड़ गया प्रार्थी जब बहन के ससुराल पहुंचा तब देखा कि गले में रस्सी का निशान बना हुआ है प्रार्थी ने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी पंचनामा भर गया बहन की मृत्यु से दुखी होकर प्रार्थी के बहनोई व्हाट्सएप पर मैसेज करते हुए लिखा कि दोनों बच्चों की जिम्मेदारी आपकी है आज से आप ही इसके मां और बाप इसके बाद मेरे बहनोई की मृत्यु हो गई मेरी बहन का मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम में हैंगिंग आया तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) शैलेश कुमार पांडेय द्वारा मंगलवार को विकास खंड सुमेरपुर के सरकारी विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण से बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। निरीक्षण के दौरान कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गंभीर लापरवाहियां, शिक्षकों की गैरहाजिरी और कम छात्र उपस्थिति देखने को मिली, जिस पर इरअ ने कड़ा रुख अपनाते हुए वेतन रोकने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए हैं। सबसे प्रमुख बात प्रातः 08:30 बजे प्राथमिक विद्यालय 'जंगल बुजुर्ग' (सुमेरपुर) का निरीक्षण करने पर स्कूल बंद पाया गया। इस गंभीर लापरवाही पर पूरे स्टाफ का अगस्त माह का वेतन रोकते हुए 3 दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

वही कंपोजिट विद्यालय सुमेरपुर के शिक्षक अंबरीश जायसवाल और शबीना बानो का हस्ताक्षर तो रजिस्टर में मिले परंतु उपस्थिति समय गलत दर्ज करने पर दोनों से 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय 'भटखेरवा' में शिक्षामित्र मनोज गौतम लगातार अनुपस्थित पाए गए, जिनका वेतन/मानदेय रोक दिया गया है। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय 'जंगल बुजुर्ग' में सहायक शिक्षिका शिवानी सिंह, शिक्षामित्र उर्मिला देवी और अलका सिंह चौहान अनुपस्थित पाई गईं। इनका भी वेतन/मानदेय रोकते हुए 3 दिनों में स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्राथमिक विद्यालय 'जंगल खुर्द' में सहायक शिक्षक विनोद कुमार सिंह गैरहाजिर मिले।

ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC) सुमेरपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ सिंह बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए।

कार्यालय में जनरेटर के पास अत्यंत गंदगी और कूड़ा फैला हुआ मिला। निरीक्षण के दौरान जब खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) से आय-व्यय पंजिका तथा बिल-वाउचर के बारे में जानकारी मांगी गई, तो उनके द्वारा अधिकारी के समक्ष कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में नामांकित बच्चों की तुलना में बेहद कम छात्र उपस्थित मिले। जहां एक तरफ कई स्कूलों में बदहाली दिखी, वहीं प्राथमिक विद्यालय 'जंगल खुर्द' में 52 नामांकित छात्रों में से 49 छात्र उपस्थित पाए गए। स्कूल का शैक्षणिक और भौतिक परिवेश उत्कृष्ट पाए जाने पर इरअ ने विद्यालय के समस्त स्टाफ के कार्य की सराहना की और उन्हें प्रशस्ति पत्र देने की बात कही।

BSA शैलेश कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया है कि जिन विद्यालयों में छात्र उपस्थिति कम है और भौतिक परिवेश खराब है, वे जल्द से जल्द सुधार लाएं। भविष्य में निरीक्षण के दौरान यदि पुनः ऐसी लापरवाही पाई गई, तो संबंधित शिक्षकों और स्टाफ के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# 200वां निःशुल्क भोजन वितरण कर कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने रचा सेवा का नया अध्याय

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल करते हुए अपना 200वां निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम संपन्न किया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने पहुंचकर जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया और संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की इस अवसर पर अरुण सिंह ने कहा कि जो दूसरों के काम आते हैं, वही कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन कहलाते हैं। सेवा करना और निरंतर करते रहना अपने आप में बड़ा काम है। उन्होंने संस्था के सेवकों द्वारा लगातार जमीन पर उतरकर किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की

कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन विगत चार वर्षों से निरंतर समाजसेवा में सक्रिय है। संस्था द्वारा निःशुल्क भोजन वितरण के साथ रक्तदान, गौ सेवा, वानर भोजन सेवा तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य किए जा रहे हैं। संस्था का आगामी प्रमुख मिशन अन्नपूर्णा रसोई का निर्माण कर जरूरतमंदों को नियमित भोजन उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के दौरान अरुण सिंह ने 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा का आमंत्रण देते हुए सभी से सहयोग की अपील की

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा, जितेंद्र दिक्षित, विजय त्रिपाठी, अनुज पांडे, आशुतोष सिंह कुलदीप पांडेय, अम्बुज मिश्रा, संजय फौजी, रेनू वर्मा, आरती वर्मा सहित लगभग तीन दर्जन सेवक मौजूद रहे

# मानक विहीन हो रहा इंटरलॉकिंग का निर्माण, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।हिलौली विकासखंड क्षेत्र की वलिया ग्राम पंचायत के मजरा बालमुकुंद खेड़ा में बन रही इंटरलॉकिंग सड़क को लेकर ग्रामीणों ने मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।

ग्रामवासियों के अनुसार राम निहोरे की दुकान से फूलचंद के मकान तक बन रही इंटरलॉकिंग सड़क में गिट्टी और बालू कहीं 2 इंच तो कहीं डेढ़ इंच ही डाली जा रही है। सड़क के किनारे बॉक्सिंग भी सिर्फ दो ईंट से बनाई जा रही है। पहले से बनी नाली की ही रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है।इसी तरह दूसरी सड़क शम्भू के मकान से देवी प्रसाद के मकान तक भी निमार्णाधीन है। इस सड़क में भी मानक पूरे न होने की शिकायत ग्रामीण कर रहे हैं।

जब इस संबंध में प्रधान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव में निर्माण कार्य हो रहा है, लेकिन उनके सुझाव से काम नहीं हो रहा है। प्रधान ने कहा कि वह मजबूर हैं, यह ठेकेदार जाने। अब देखना है कि इसकी जांच होती है या चंद रुपयों के खातिर जांच को रोक दिया जाता है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और मानक के अनुसार ही सड़क बनवाई जाए।

# आईजीआरएस में खराब प्रगति पर डीएम ने बीडीओ को लगाई फटकार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा की। समीक्षा में शिकायतों के निस्तारण पर फरियादियों की संतुष्टि का स्तर कम मिलने पर डीएम ने गंज मुरादाबाद, सिकंदरपुर करन, सिकंदरपुर सरोसी, सफीपुर, नवाबगंज और फतेहपुर 84 के खंड विकास अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

डीएम ने कहा कि 2 दिन के अंदर स्थिति में सुधार न हुआ तो बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित की जाए।

बैठक में डीएम ने राजस्व न्यायालयों में धारा 34, 24, 116 के लंबित वादों, फैमिली आईडी, स्वामित्व योजना और कृषक दुर्घटना योजना के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा भी की। उन्होंने अभियान चलाकर सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर सरकारी और गैर सरकारी विभागों की राजस्व वसूली की भी समीक्षा की। वसूली में पिछड़े आबकारी, परिवहन, वन, मंडी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए प्राथमिकता से वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने चेतावनी दी कि जनपद की रैंकिंग किसी भी स्थिति में गिरनी नहीं चाहिए।

# झुके बिजली के खंभे से मंडरा रहा हादसे का खतरा, विभाग पर लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज के मोहल्ला कंचन नगर ए स्थित मनसाखेड़ा कॉर्नर के पास एक बिजली का खंभा झुक जाने से लोगों में दहशत है। नाली के पानी के रिसाव से खंभा कमजोर होकर मकान की दीवार की तरफ झुक गया है और बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं।

स्थानीय निवासी सियाराम ने बताया कि यह खंभा उनके घर के सामने लगा है। नाली का पानी लगातार रिसने से खंभा धीरे-धीरे झुक गया। अभी तार काफी नीचे लटककर मकान की दीवार से टकरा रहे हैं।इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।सियाराम के मुताबिक उन्होंने इस मामले की शिकायत पावर हाउस के जेई और अधिशासी अभियंता से की थी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जेई ने कहा कि आसपास लोगों ने मकान आगे तक बना लिए हैं, जिस वजह से खंभा लगाने की जगह नहीं है। उन्होंने मकान तोड़ने की बात भी कही थी।

सियाराम का कहना है कि मकान गिराना उनका काम नहीं है। खंभा कहां लगेगा ये तय करना बिजली विभाग का काम है। उन्होंने डीएम से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि झुके खंभे और लटकते तारों को तुरंत ठीक कराया जाए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर खंभा गिर गया या तार टूटे तो करंट लगने से जानमाल का नुकसान हो सकता है। लोगों ने बिजली विभाग से मौके पर आकर जल्द सुरक्षित व्यवस्था करने की मांग की है।

# रोजी रोटी कमाने विदेश गए युवक की मौत शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज छ माह पूर्व आजाद बीजा में सऊदी अरब विदेश गए युवक की मौत के बाद आज बारहवें दिन मंगलवार को उसका शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। शव का देर शाम जाजमऊ के चंदन घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव निवासी 30 वर्षीय शिवमपाल सात माह पूर्व आजाद बीजा पर सऊदी अरब गया था जहां वह एक मोबाइल की दुकान में काम कर रहा था। काम के दौरान अचानक उसकी तबियत खराब हो जाने से 30 जुलाई को उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी थी।युवक की मौत के बाद उसके परिजन शव भारत लाए जाने को लेकर दौड़ भाग कर रहे थे विभिन्न कानूनी औपचारिकताये पूर्ण होने के बाद भारतीय दूतावास ने शव को हवाई जहाज के जरिए भारत भेजा है मृतक का शव मंगलवार की सुबह आठ बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा।शव को लखनऊ से गांव लाने के लिए श्रुति फाउंडेशन के अनुराग त्रिवेदी के पिता समेत कई दलों के लोग एयरपोर्ट पहुंचे। शव गांव पहुंचते ही उसे देखने वालो का भारी हुजूम इकट्ठा रहा। अपराह्न मृतक के शव का जाजमऊ के चंदन घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक शिवम के पिता राम विलास की 2011 में ही मौत हो गई थी अभी वह अविवाहित था मृतक विधवा मां रानी देवी के अलावा छोटी बहन महक को पीछे छोड़ गया हैं ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बारासगवर थाने अन्तर्गत विवाहिता की संदिध अवस्था मे मौत हो जाने पर मायके पक्ष के लोगो ने मार डालने का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के कामलिखेड़ा गाँव मे विवाहिता अन्नू पत्नी संतोष की सोमवार को मौत हो गयी। ससुरालीजनों द्वारा विवाहिता की मौत सांप के डसने से हुई।विवाहिता की डिलीवरी की संभावित तारीख 20 अगस्त थी। वह अपने पति संतोष कुमार के साथ दिल्ली में रहती थीं। डिलीवरी के लिए संतोष उन्हें 7 अगस्त को गांव लेकर आए थे। अन्नू के ससुरालीजनों के अनुसार साँप के काटने के बाद वह डॉक्टर के पास ले गए।स्थिति सामान्य देख घर ले आये लेकिन हालत के फिर बिगड़ते ही झाड़-फूंक करने वाले से इलाज कराया गया।हालत में सुधार न होने पर अचलगंज में दिखाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए रायबरेली स्थित एम्स के लिए रेफर कर दिया। परिजन अन्नू को लेकर रायबरेली जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जबकि मायके पक्ष गनेशी खेडा बिहार से पहुँचे पिता संतोष व भाई विजय ने बताया अन्नू की शादी 18 अप्रैल 2025 को हुई थी। उसे अक्सर दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। मायके पक्ष ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष ने बताया मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा की सरकार भाजपा के विधायक ,सांसद व एमएलसी फिर भी जनपद सरकारी मेडिकल कॉलेज से वंचित

अमन लेखनी समाचार



उन्नावः प्रदेश सरकार की एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज नीति का लाभ नहीं मिला उन्नाव को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज नीति का लाभ अब तक उन्नाव जनपद को नहीं मिल सका है। प्रदेश के कई जिलों में सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं और बाकी असेवित जिलों में भी मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में सरकार योजनाएं बना रही है, लेकिन उन्नाव आज भी सरकारी मेडिकल कॉलेज की सुविधा से वंचित है। उन्नाव जैसे बड़े और महत्वपूर्ण जनपद के लोगों को गंभीर बीमारियों और बेहतर इलाज के लिए अक्सर लखनऊ और कानपुर का रुख करना पड़ता है।इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है और गंभीर मरीजों के इलाज में समय भी बर्बाद होता है। सवाल यह है कि जब प्रदेश में हर जिले तक मेडिकल शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, तो उन्नाव को सरकारी मेडिकल कॉलेज कब मिलेगा ? उन्नाव की बड़ी आबादी, भौगोलिक स्थिति और लखनऊ-कानपुर के बीच होने के बावजूद जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना न होना जनप्रतिनिधियों और सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है। उन्नाव की जनता की मांग हैएक जिला, एक मेडिकल कॉलेज का सपना उन्नाव में भी जल्द पूरा हो

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला मजदूर का शव जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी मगरवारा अंतर्गत मसवासी खंजीखेड़ा गांव में मंगलवार सुबह एक मजदूर ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन मौत की वजह नहीं बता सके हैं।गांव निवासी स्व0 श्रीराम के 35 वर्षीय बेटे मुन्नू का शव उसके कमरे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटका मिला। मुन्नू मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था और घर में अकेला रहता था। मृतक के भाई रोहित के मुताबिक मुन्नू की पत्नी रामवती अपने दो बच्चों के साथ चार दिन पूर्व बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गनेशखेड़ा स्थित मायके गई थी। वह मां की तबीयत खराब होने के कारण वहां गई थी। मंगलवार सुबह मुन्नू की मां कुसुमा जब खेत से वापस लौटीं तो उन्होंने कमरे के अंदर टेबल फैन चलता देखा। दरवाजा खोलते ही उन्होंने बेटे को फंदे पर लटका पाया। बेटे को इस हालत में देखकर मां चीखने-चिल्लाने लगीं। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी और शव को फंदे से उतारा। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि मुन्नू और उसकी पत्नी रामवती के तीन बच्चे अंकेश, अंकुल और मनू हैं। घटना के वक्त पत्नी और बच्चे मायके में थे। उन्हें भी सूचना दे दी गई है। रोहित ने बताया कि मुन्नू पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था। अन्य भाई मेवालाल, सर्वेश, मोहित और रोहित हैं। परिवार में दो विवाहित बहनें भी हैं। मुन्नू के इस तरह कदम उठाने से पूरा परिवार सदमे में है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उसने ऐसा क्यों किया। शाम को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

# छात्रा के साथ छेड़ छाड़ करने का आरोप दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बारासगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में 19 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़खानी करने, जातिसूचक गालियां देने पर पीड़ित माँ की तहरीर पर पुलिस ने हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गाँव से पीड़िता मा ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को गांव का ही रहने वाला प्रशांत पाण्डेय रास्ते में आते-जाते समय परेशान करता था और उस पर फब्तियां कसता था।जब पीड़िता और उसके परिजनों ने इस हरकत का कड़ा विरोध किया, तो आरोपी ने अभद्रता करते हुए जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में निकाली गई तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में युवा कार्यकताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। तिरंगा यात्रा में भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। विधायक कटियार बांगरमऊ ग्रामीण प्रथम मंडल में अतरधनी, बांगरमऊ ग्रामीण द्वितीय मंडल में माढ़ापुर एवं फतेहपुर 84 मंडल में फतेहपुर चौरासी नगर में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हम लोग एक यात्रा में शामिल होने के लिए नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और राष्ट्रगौरव की भावना को मजबूत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हमारे हाथों में लहराता यह तिरंगा केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं है, यह हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह तिरंगा हमें याद दिलाता है कि हमारी पहचान अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं से हो सकती है, लेकिन हमारी सबसे बड़ी पहचान है—हम भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि आज हम उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों को नमन करते हैं, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके बलिदान के कारण ही हम आज स्वतंत्र भारत में सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं। आइए, इस तिरंगा यात्रा के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम अपने देश की एकता और अखंडता को हमेशा मजबूत करेंगे, संविधान और राष्ट्रध्वज का सम्मान करेंगे, समाज में भाईचारा बढ़ाएंगे और अपने कर्मों से भारत को और मजबूत बनाएंगे। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह, जगजीत राजपूत, अजय द्विवेदी, फतेहपुर बांगरमऊ। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में युवा कार्यकताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की।

तिरंगा यात्रा में भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है।

विधायक कटियार बांगरमऊ ग्रामीण प्रथम मंडल में अतरधनी, बांगरमऊ ग्रामीण द्वितीय मंडल में माढ़ापुर एवं फतेहपुर 84 मंडल में फतेहपुर चौरासी नगर में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए इस अवसर पर

उन्होंने बताया कि ? हम लोग एक यात्रा में शामिल होने के लिए नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और राष्ट्रगौरव की भावना को मजबूत करने के लिए एकत्रित हुए हैं। हमारे हाथों में लहराता यह तिरंगा केवल तीन रंगों का ध्वज नहीं है; यह हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है।

यह तिरंगा हमें याद दिलाता है कि हमारी पहचान अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं से हो सकती है, लेकिन हमारी सबसे बड़ी पहचान है—हम भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि

आज हम उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और वीर जवानों को नमन करते हैं, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके बलिदान के कारण ही हम आज स्वतंत्र भारत में सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जी रहे हैं।

आइए, इस तिरंगा यात्रा के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम अपने देश की एकता और अखंडता को हमेशा मजबूत करेंगे, संविधान और राष्ट्रध्वज का सम्मान करेंगे, समाज में भाईचारा बढ़ाएंगे और अपने कर्मों से भारत को और मजबूत बनाएंगे।

यात्रा में जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल,मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह,जगजीत राजपूत,अजय द्विवेदी,फतेहपुर चौरासी ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, बांगरमऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, चेयरमैन फतेहपुर चौरासी मिथलेश जायसवाल, रामदिनेश कुशवाहा, नीरज गुप्ता, विजयपाल कुशवाहा आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मूसलाधार बारिश में वृद्धा का ढहा कच्चा मकान

**घर गिरने के बाद दूसरों के घरों में रहने को मजबूर, ग्रामीण बोले– प्रधानमंत्री आवास का मिले सहारा**

अमेठी, भादर ब्लॉक क्षेत्र स्थित रघईपुर मजरे रतापुर गांव में मूसलाधार बारिश ने एक बुजुर्ग महिला का आशियाना छीन लिया। लगातार बारिश के कारण लक्खू देवी का कच्चा मकान भरभराकर ढह गया। मकान गिरने के बाद उनके सिर से छत छिन गई और अब वह दूसरों के घरों में रहने को मजबूर हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। घर गिरा तो रहने के लिए नहीं बची जगह ग्रामीणों के मुताबिक लक्खू देवी काफी समय से इसी कच्चे मकान में रह रही थीं। बारिश के दौरान मकान की हालत लगातार कमजोर होती गई और आखिरकार वह ढह गया। गनीमत रही कि मकान गिरने के समय कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। लेकिन घर टूटने के बाद बुजुर्ग महिला के सामने सबसे बड़ी समस्या रहने की हो गई है।बेटा बाहर रहता है, परिवार से संपर्क नहींग्रामीणों ने बताया कि लक्खू देवी का एक बेटा है, जो बाहर रहता है। ग्रामीणों के अनुसार वह परिवार से कोई संपर्क नहीं रखता। ऐसे में बुजुर्ग महिला की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। आय का भी कोई स्थायी जरिया नहीं होने के कारण मकान गिरने के बाद उनकी मुश्किल और बढ़ गई है।दूसरों के घरों में रहने को मजबूरमकान ढहने के बाद लक्खू देवी के पास फिलहाल रहने के लिए अपना कोई आशियाना नहीं है। मजबूरी में उन्हें दूसरे ग्रामीणों के घरों में शरण लेकर रहना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में यह स्थिति उनके लिए और परेशानी पैदा कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहारहरिराम यादव, रामसेवक यादव, अमरनाथ यादव और उमाशंकर यादव समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से बुजुर्ग महिला की मदद करने की मांग की है।

### राजीव गांधी की प्रतिमा बदहाल पार्क पर भी कब्जे का आरोप

**सामाजिक कार्यकर्ता बोले– गौरव लौटाना जरूरी**

अमेठी , पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा और उसके आसपास बने छोटे पार्क की बदहाल स्थिति को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सगरा तिराहे पर राजीव गांधी कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित प्रतिमा स्थल की देखरेख को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता उमेश अग्रहरि ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि जिस स्थान का ऐतिहासिक महत्व है, वह वर्तमान में उपेक्षा का शिकार नजर आ रहा हैअमेठी को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में बड़ी भूमिका सामाजिक कार्यकर्ता उमेश अग्रहरि ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अमेठी को राष्ट्रीय और विश्व पटल पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे में उनकी स्मृति से जुड़े स्थल का सम्मान और संरक्षण होना चाहिए। मौजूदा स्थिति अमेठी के गौरव और ऐतिहासिक विरासत के अनुरूप नहीं है।

प्रतिमा स्थल के आसपास अवैध कब्जे का आरोपअग्रहरि का आरोप है कि प्रतिमा के आसपास अवैध कब्जे भी बने रहते हैं।

# सीमा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं पर गृह मंत्री सुदन गुरूंग ने लिया संज्ञान, जल्द समाधान का दिया भरोसा

**घरेलू इस्तेमाल के सामान के लिए सीमावर्ती लोगों को मिल सकती है निर्धारित छूट, सूची तैयार करने की दिया आदेश**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर घरेलू उपयोग के सामान को लेकर लंबे समय से चली आ रही परेशानियों के समाधान की उम्मीद जगी है। सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को भारतीय बाजारों से घरेलू इस्तेमाल का सामान ले जाने में आ रही दिक्कतों को लेकर सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों ने नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरूंग का ध्यान आकर्षित कराया है । जनप्रतिनिधियों ने गृह मंत्री के समक्ष सीमा क्षेत्र में आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था, सीमा प्रबंधन, भन्सार (कस्टम), व्यापार सहित स्थानीय नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि सीमा नाकों पर सामान लाने-ले जाने को लेकर उत्पन्न परिस्थितियों का सीधा असर सीमावर्ती नागरिकों के दैनिक जीवन के साथ-साथ दोनों देशों के सीमावर्ती बाजारों की व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।बताया गया कि गृह मंत्री सुदन गुरूंग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को देखते हुए जल्द निर्णय लिए जाने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुविधा के लिए एक सूची तैयार की जाएगी, जिसमें यह निर्धारित किया जाएगा कि एक परिवार को एक माह में भारतीय बाजार से कितनी मात्रा में घरेलू उपयोग का सामान लाने की अनुमति होगी। निर्धारित सीमा के अनुसार सीमावर्ती लोगों को सामान लाने की अनुमति दिए जाने की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।गृह मंत्री ने संबंधित निकायों के साथ समन्वय कर सीमा नाकों से जुड़ी समस्याओं का अध्ययन करने और आवश्यक कदम उठाने की बात कही। उनके इस आश्वासन के बाद सीमावर्ती क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में राहत की उम्मीद जगी है।नेपाल सरकार की ओर से घरेलू उपयोग के सामान को लेकर निर्धारित छूट दिए जाने की संभावित व्यवस्था से भारत-नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजारों में भी व्यापारिक गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। सीमा क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद आवागमन सुगम होगा और सीमावर्ती बाजारों में फिर से रौनक लौटेगी।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत विवेकानंद नगर वार्ड में बांटे गए 250 राष्ट्रीय ध्वज

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान के तहत नगर पंचायत रुपईडीहा के विवेकानंद नगर वार्ड में राष्ट्रीय ध्वज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विवेकानंद नगर वार्ड के सभासद जहीर अहमद ने वार्डवासियों के बीच 250 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। सभासद ने लोगों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराएं और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करें।सभासद जहीर अहमद ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

राष्ट्रीय ध्वज प्राप्त करते हुए वार्डवासियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों और युवाओं में भी देशभक्ति की भावना जागृत होती है तथा उन्हें स्वतंत्रता दिवस के महत्व की जानकारी मिलती है।

सभासद ने वार्डवासियों से अपील की कि सभी लोग 13 से 15 अगस्त के दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराएं तथा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और सम्मान का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाया जा सकता है इस अवसर पर वार्ड के कई स्थानीय नागरिक मौजूद रहे और उन्होंने अभियान को सफल बनाने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

# भौली से सोनारी चौराहा तक निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**देशभक्ति के नारों से गूंजा कैसरगंज, पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा व गौरव वर्मा रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। थाना क्षेत्र के ग्राम भौली से सोनारी चौराहा तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोगों ने यात्रा में शिरकत की। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा एवं कैसरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उनके नेतृत्व और मौजूदगी से कार्यकताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा को लेकर थानाध्यक्ष कैसरगंज राज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस टीम ने पूरे यात्रा मार्ग पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालते हुए यात्रा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराया। यात्रा में शामिल लोगों ने तिरंगा लहराते हुए देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। आयोजन के दौरान क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का उत्साह देखते ही बना।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने को एसडीएम ने संभाली कमान

**10 संवेदनशील गांवों में लगाई जागरूकता चौपाल**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए एसडीएम ने कमान संभाल ली है एसडीएम ने लोगों को जागरुक करते हुए सतर्कता बरतने को कहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशों के क्रम में तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की रोकथाम को लेकर एसडीएम मिहींपुरवा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विगत वर्ष मानव-वन्यजीव संघर्ष की सर्वाधिक घटनाओं से प्रभावित रहे 10 संवेदनशील राजस्व ग्रामों में मानव-वन्यजीव जनजागरूकता चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को आवश्यक सावधानियों एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के अंतर्गत बिशुनापुर, सुजौली, चफरिया, रमपुरवा, आंबा, बर्दिया, मटेही, कारीकोट, चहलवा एवं हंसुलिया में चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र से लगे इन गांवों में पाए जाने वाले टाइगर, तेंदुआ, भेड़िया एवं हाथी जैसे वन्यजीवों के अचानक सामने आने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। साथ ही वन्यजीवों के पदचिह्नों की पहचान के संबंध में भी जानकारी दी गई, ताकि ग्रामीण खेतों एवं जंगल के आसपास ताजा पदचिह्न देखकर वन्यजीव की मौजूदगी का समय रहते अंदाजा लगा सकें और आवश्यक सतर्कता बरत सकें।चौपाल में वन्यजीवों के हमले से बचाव, वन्यजीवों के सामने आने पर क्या करें और क्या न करें तथा किसी व्यक्ति के आहत होने की स्थिति में बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया एसडीएम मिहींपुरवा मोनालिसा जौहरी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता एवं सामुदायिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वन्यजीव दिखाई देने पर घबराने अथवा उसे उकसाने के बजाय तत्काल संबंधित वन विभाग अथवा प्रशासन को सूचना दें तथा अकेले जंगल अथवा खेतों की ओर जाने से बचें। चौपाल के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गांव के संभ्रांत लोग मौजूद रहे। प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त पहल से ग्रामीणों में मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर जागरूकता एवं सतर्कता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

# लॉर्ड बुद्धा महाविद्यालय रूपईडीहा में 21 से 30 अगस्त तक चलेगा एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति, सेवा भावना एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से लॉर्ड बुद्धा महाविद्यालय रुपईडीहा में एनसीसी कैडेट्स का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा।51वीं यूपी बटालियन एनसीसी, बलरामपुर के कर्नल प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के सहयोग से संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-164 का आयोजन 21 से 30 अगस्त 2026 तक लॉर्ड बुद्धा महाविद्यालय परिसर रूपईडीहा में किया जाएगा।शिविर में लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स, बालक एवं बालिकाएं, प्रतिभाग करेंगे।इस दौरान कैडेट्स को विभिन्न प्रकार के सैन्य एवं शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना, सेवा और जिम्मेदारी से संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए तैयार करना तथा उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित करने के साथ ही उनमें अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया जाएगा।

# दौलतपुर में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। आबादी के आसपास तेंदुआ की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल था ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुआ को पकड़ने के लिए गुहार लगाई थी वन विभाग ने पिंजरा लगाया जिसमें तेंदुआ कैद हो गया। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज अंतर्गत दौलतपुर नई बस्ती गांव के आसपास पिछले कई दिनों से तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। तेंदुए की सक्रियता के चलते ग्रामीणों को खेतों और गांव के आसपास जाने में भी डर सता रहा था। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव के आसपास पिंजरा लगाकर निगरानी शुरू की थी। रात करीब 11 बजे के आसपास तेंदुआ पिंजरे में बंधी बकरी को देखकर उसकी ओर बढ़ा और शिकार के लालच में पिंजरे के अंदर कैद हो गया। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी केके सिंह के नेतृत्व में वनकर्मियों ने पिंजरे को सुरक्षित तरीके से मोतीपुर रेंज कार्यालय पहुंचाया। इसके बाद पशु चिकित्सकों की टीम ने तेंदुए का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ पाया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए को फिलहाल सुरक्षित रखा गया है और उसकी निगरानी की जा रही है। कतर्नियाघाट के डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने बताया कि पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ नर है। उसकी उम्र करीब छह से आठ वर्ष है स्वास्थ्य परीक्षण में तेंदुआ पूर्ण रूप से स्वस्थ मिला है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश प्राप्त होने के बाद तेंदुए को उसके प्राकृतिक वास के लिए सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया जाएगा। तेंदुआ पकड़े जाने के बाद जहां वन कर्मियों ने राहत की सांस ली है वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में एक और तेंदुआ सक्रिय होने की बात कही है ।वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से झूली युवती



**फॉरेंसिक टीम व खैरीघाट पुलिस जुटी आवश्यक जांच में**

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ठाकुरपुरवा दाखिला बरुही निवासी संतोष कुमार वर्मा पुत्र रामसेवक की बेटी नैंसी वर्मा उम्र करीब 18 वर्ष मंगलवार लगभग 2:30 बजे दिन में घर के अंदर फंदे से लटक कर अपनी जान दे दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं सूचना पर सीओ महसी व प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को सूचित किया गया एवं आवश्यक जांच पड़ताल के बाद संवैधानिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलने पर मौत हुई है, मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो सकेगा।

# नीम के पेड़ मे उभरी आकृति, आस्थावान हैरान

**कण-कण मे विद्यमान है ईश्वर : पुजारी नेपाली**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। कण-कण मे ईश्वर विद्यमान है, किसी कों कही भी भगवान का आभास हो जाता है।ऐसा ही वाकिया इन दिनों सीमावर्ती क्षेत्र के सोरहिया गांव मे देखने कों मिल रहा है। जो हफ्तों से क्षेत्र में व सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सोरहिया के पास नीम के पेड़ पर बजरंगबली की उभरी कथित आकृति देख स्थानीय लोग पूजा -अर्चना कर मन्नते मांगने लगे। धीरे-धीरे यह खबर आग की तरह क्षेत्र मे फैली तो दूर-दराज के लोग भी पहुंचने लगे और तेल, अगरबत्ती और सिंदूर का लेप उभरी आकृति पर लगाकर पूजा पाठ करने में जुट गए जिससे बजरंगबली जी का पूजा स्थल बन गया है। मुख्य सेवादार नेपाली नें बताया है कि नीम के पेड़ मे उभरी आकृति कों प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु देखने आ रहे है जहाँ हनुमान चालीसा, आरती और कीर्तन भजन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। लोग बजरंगबली के भक्ति मे डूबे है।

# शिक्षक की मृत्यु से शिक्षकों में शोक की लहर

**प्राथमिक शिक्षक संघ ने जताया शोक**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। संविलयन विद्यालय मंगलपुरवा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हेमन्त कुमार उपाध्याय जो कि नईबस्ती अकबरपुरा निकट मेडिकल कॉलेज के निवासी थे और ग्राम रायपुर विकासखंड महसी के मूल निवासी थे। 25 जुलाई 2026 को अपने कार्यरत विद्यालय प्राथमिक विद्यालय ढोढ़ाकोडर विकास खंड महसी से अवकाश के उपरांत अपने गांव रायपुर आवश्यक कार्य हेतु गये हुए थे। अपने पैतृक घर रायपुर से वर्तमान निवास बहराइच वापसी के दौरान करीब रात 8.30 बजे झिंगहा घाट बाईपास राजापुर मोड़ के पास एक खच्चर (घोड़ा) से भिड़ गए जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीयजनों द्वारा उन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाया गया। कुछ समय बाद परिवार वालों इसकी सूचना मिली। परिवार वाले तुरन्त जिला अस्पताल पहुंचे और पता चला कि हेमंत उपाध्याय के सिर पर गंभीर चोट आई है और उन्हें तुरंत न्यू हिंद हॉस्पिटल निकट अदनान कॉम्प्लेक्स लाया गया और उनकी सर्जरी की गई । 8 दिन तक हेमंत जिंदगी और मौत से लड़ते रहे और अंततः 2 अगस्त 2026 को शाम करीब 6 बजे अंतिम सांस ले ली। इस घटना से बेसिक शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय महसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अवस्थी, मंत्री देवेन्द्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र ओझा, तेजवापुर अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक, रघुकुल शिरोमणि मिश्र, सुनील कुमार, समीर उपाध्याय, पंकज उपाध्याय, सहित सैकड़ो शिक्षकों ने हेमंत कुमार उपाध्याय के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।

# पहुंचीं विधायक, पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**100 साल पुराने जर्जर मकान की छत गिरी थी, 6 लोगों की हुई थी मौत**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, महुली मोहल्ले में करीब 100 साल पुराने जर्जर मकान की छत गिरने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद विधायक पल्लवी पटेल ने महुली पहुंचकर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और हादसे में परिवार के एकमात्र जीवित बचे सदस्य अमन श्रीवास्तव से भी बातचीत की। पल्लवी पटेल ने अमन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में वह और उनका संगठन पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। पल्लवी पटेल ने उसे भरोसा दिलाया कि प्रशासन और शासन स्तर पर पैरवी कर उसे सरकारी नौकरी दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगापरिजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कींविधायक पल्लवी पटेल ने मृतकों के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने अमन श्रीवास्तव से विशेष रूप से बात की, जो इस हादसे में अपने पूरे परिवार को खो चुके हैं। पटेल ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में उनका संगठन पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ा है। पल्लवी पटेल ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एक ही झटके में पूरा परिवार खत्म हो जाना 'बेहद दुखद और पीड़ादायक' है। उन्होंने कहा कि ऐसी विकट स्थिति में शब्दों से संवेदना व्यक्त करना भी मुश्किल है। विधायक ने पीड़ित परिवार के एकमात्र जीवित सदस्य अमन से मुलाकात कर उसकी जरूरतों को समझा।'बेहद दुखद और पीड़ादायक'विधायक पटेल ने अमन को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए प्रशासन और शासन स्तर पर पूरी पैरवी करने का आश्वासन दिया।

# पुरानी रंजिश में युवक को गोली मारी

**पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, अवैध तमंचा-कारतूस बरामद**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। यह घटना रानीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर जरियारी गांव में हुई थी। रामपुर जरियारी गांव निवासी लक्ष्मी निधि यादव (30) को गोली मारी गई थी। गोली कमर में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल के भाई संतोष यादव ने बताया कि वे अपने भाई के साथ जरियारी स्थित हार्डवेयर की दुकान से जामताली जा रहे थे। इसी दौरान पल्सर बाइक सवार अभिषेक और प्रदुम यादव ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। आरोप है कि गिरने के बाद आरोपियों ने गोली चला दी, जिसमें लक्ष्मी निधि घायल हो गए। परिजनों ने इस घटना के पीछे जमीन विवाद को मुख्य वजह बताया है। उनके अनुसार, करीब एक साल पहले खेत लिखवाने के बाद से यह विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय तक भी पहुंचा था। प्रतापगढ़ पुलिस ने दोपहर करीब 4:30 बजे इस मामले का खुलासा किया। रानीगंज पुलिस ने सगीर बगिया के पास चेकिंग के दौरान प्रदुम यादव और अभिषेक रोहित यादव नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रदुम यादव के खिलाफ पहले से तीन मुकदमे दर्ज हैं, जबकि रोहित यादव के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज है। सीओ रानीगंज प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर युवक को गोली मारने की घटना हुई थी, जिस पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

## संक्षेप

### महिला से मारपीट, जान से मारने की कोशिश

#### पति की दुकान पर भी हमला, पुलिस से कार्रवाई की मांग

बागपत , थाना क्षेत्र की एक महिला ने कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह घटना 8 अगस्त की शाम को हुई। महिला के अनुसार, 8 अगस्त की शाम कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि खुद को बचाने के प्रयास में भी उसे पीटा गया। इसके बाद वह किसी तरह वहां से निकलकर अपने पति की दुकान पर पहुंची। आरोप है कि कुछ देर बाद वही लोग उसके पति की दुकान पर भी पहुंच गए। उन्होंने महिला के विकलांग पति के साथ भी गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। महिला ने बताया कि इस दौरान उसके कपड़े फट गए और उसे गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की गई। महिला ने अपनी तहरीर में बताया है कि घटना के कारण उसके गले पर निशान पड़ गए हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। उसके पति को भी चोट लगने की बात कही गई है। इस घटना के बाद महिला ने थाना पुलिस से शिकायत की है। उसने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महिला का कहना है कि उसे और उसके परिवार को आरोपियों से जान का खतरा है। पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### तेज रफ्तार कार ने मामा-भांजी को कुचला

#### डौला हाईवे पर हादसा, दोनों गंभीर रूप से घायल

बागपत,सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में डौला गांव के पास मेरठ-बागपत-सोनीपत हाईवे पार करते समय एक तेज रफ्तार कार ने मामा-भांजी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डौला गांव निवासी समीर ने रविवार को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब नौ बजे उनके भाई राशिद और पांच वर्षीय भांजी अलीजा हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान मेरठ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। समीर का आरोप है कि टक्कर मारने के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय उन्हें दोबारा कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को सड़क से उठाकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे। इस घटना से परिवार में चिंता का माहौल है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह हादसा कार चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुआ।उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से वाहन की पहचान कर चालक को गिरफ्तार करने की अपील की गई है। हाईवे पर लगातार हो रहे इस तरह के हादसों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने भी तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और हाईवे पार करने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम करने की मांग की है।

# अमौली ब्लाक मुख्यालय में आयोजित हुई चौपाल

## बिंदकी विधायक ने किसानों को दिया समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन

### कस्बे में निकाली गई तिरंगा यात्रा में गुंजायमान हुए जयकारे

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत मल्लिकार्जुन धाम से तिरंगा यात्रा निकाली गई कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश त्रिवेदी द्वारा किया गया कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र पटेल समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर भारत माता के जय जयकारा के साथ समूचे कस्बे की मुख्य गलियों में शोभायात्रा निकाली

वही ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित चौपाल अंतर्गत पहुंचे बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी तथा ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने समूचे विकासखंड के नागरिकों की मौखिक तथा लिखित रूप में समस्याओं को सुना समस्याओं को देखते हुए बिंदकी विधायक ने कई समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों को फोन करके मौके पर ही किया वहीं अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जल्द ही निदान करने का दिशा निर्देश दिया ब्लॉक मुख्यालय में पहुंचे खाद की किल्लत तथा अन्ना पशुओं से आहत होकर किसानों के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के पदाधिकारियों ने बिंदकी विधायक जयकुमार सिंह जैकी को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए किसानो की समस्याओं के निस्तारण की मांग की वहीं ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह तथा बिंदकी विधायक ने आई हुई सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह समाजसेवी नेवरी जलालपुर धर्मपाल पाल ग्राम प्रधान पति श्रीकांत उत्तम अपना दल एस जहानाबाद विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार उमराव आर्य कुमार पाण्डेय ग्राम प्रधान सनोज कुमार रजत सिंह शिवा गुप्ता मनीष चौधरी समेत भारी संख्या में समूचे विकास खंड के नागरिक मौजूद रहे

# आम के पेड़ में अधेड़ ने लगाई फांसी हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर , जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव दरियापुर निवासी 45 वर्षीय कमलेश सोनकर पुत्र स्वर्गीय शिव बालक ने गांव के पास स्वयं के बगीचे में खड़े एक आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार कमलेश सोनकर लकड़ी का व्यापार करता था जहां ग्रामीणों ने पेड़ में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ शव देखा और शोर मचाया कुछ ही समय में भारी भीड़ इकट्ठा हो गई तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई सूचना मिलने पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने तत्काल पहुंचकर तहकीकात की वहीं शव को नीचे उतारकर मामले की जांच प्रारंभ की यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृतक कमलेश सोनकर की तीन संतान 21 वर्षीय बेटा शिवम 18 वर्षीय बेटी खुशी तथा 10 वर्षीय छोटा बेटा आयुष है पुलिस प्रशासन ने तहकीकात करते हुए मृतक के बच्चों से पूछताछ की जहां बड़े बेटे शिवम सोनकर ने प्रशासन को बताया कि पिता का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था सोमवार देर शाम को घर से चले गए थे इसके बाद वापस नहीं लौटे कल मंगलवार को सुबह घटना की जानकारी परिजनों को मिली वही बेटे शिवम ने मामले में संदिग्धता जताते हुए निष्पक्ष जांच की अपील की बड़े बेटे के बयान के अनुसार प्रशासन ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई तथा फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर मृतक के शव समेत अन्य बिंदुओं के जांच पड़ताल प्रारंभ की आम के पेड़ के पास जिस स्थान पर मृतक ने फांसी लगाई वहां पर कुछ वस्तुएं मिली जिन्हें प्रशासन ने कब्जे में लिया परिजनों ने प्रेम प्रसंग करने वाली महिला की गिरफ्तारी की मांग की जहां प्रशासन ने शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# उधार दिया गया पैसा मांगने पर किया झगड़ा पीड़ित ने लगा दी तहरीर



अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला काजीटोला निवासी हमराज पुत्र चुन्ना ने पुलिस प्रशासन को तहरीर देते हुए बताया कि वह तथा उसके मामा शहीद उर्फ लद्दर दोनों मिलकर लकड़ी के बुरादे का व्यापार करते थे वही कुछ समय पहले साझेदार मामा ने 170000 रुपए का बुरादा लिया तथा पैसे उधार कर दिए लगभग 2 साल बीत जाने के बाद भी पैसा ना मिलने पर पीड़ित की पत्नी तैयबा पैसे मांगने गई जहां मामा शहीद ने पैसे देने से मना कर दिया वहीं गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध करने पर पीड़ित तथा पीड़ित की पत्नी को जान से मार देने की धमकी दी पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि वह एक किराए के मकान में रहता है तथा मेहनत मजदूरी करते हुए अपने परिवार का पालन पोषण करता है विश्वास में दिए गए धन की वापसी न होने पर उसकी दैनिक दिनचर्या तथा खान-पांच इत्यादि सभी समस्याओं में बाधाएं आ रही हैं वहीं पीड़ित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिंदकी को संपूर्ण जानकारी दी प्रशासन ने पीड़ित की समस्या को सुनते हुए जल्द ही जांच करते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया

# नसीम हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## मेरठ में पत्नी के प्रेमी ने बुढ़ाना में की थी हत्या, पैर में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,लोहिया नगर थाना क्षेत्र के चमड़ा पैठ निवासी नसीम उर्फ तालिब हत्याकांड में रविवार को बुढ़ाना पुलिस ने नसीम की हत्या के मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी मीना के प्रेमी हाशिम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसके बाद पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मीना को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी हासिम मृतक की पत्नी का प्रेमी है, आरोपी ने बीच सड़क पर गंडासे से हमला कर नसीम की हत्या की थी।

### मीना से निकाह करना चाहता था आरोपी

मीना का प्रेमी हासिम इससे निकाह करना चाहता था। वह नसीम के बुढ़ाना पहुचने से नाराज था इसी को लेकर आरोपी ने मीना के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा और मीना ने पति नसीम को बुढ़ाना बुलाया जहां उसकी प्रेमी हाशिम द्वारा सुबह गंडासे से काटकर हत्या कर दी गई।

### फोन कर बुढ़ाना बुलाया, फिर कराई हत्या

मृतक के बड़े भाई आकिल के मुताबिक, नसीम 4 अगस्त को गुजरात जाने वाला था। वह गुजरात में वेल्डिंग का काम करता था इसके लिए उसने पिता से 20 हजार रुपये लिए थे। आरोप है कि इसी बीच पत्नी मीना ने फोन कर उसे बुढ़ाना बुलाया और साजिश के तहत अपने प्रेमी हाशिम से उसकी हत्या करा दी।

### तीन महीने पहले पिता को दी थी धमकी

आकिल का दावा है कि हाशिम का मीना से लंबे समय से प्रेम प्रसंग था। करीब तीन महीने पहले हाशिम ने नसीम के पिता को फोन कर धमकी दी थी कि वह मीना से प्यार करता है और उससे निकाह करेगा। साथ ही कहा था कि नसीम को बुढ़ाना मत भेजना, वरना अच्छा नहीं होगा।

### नसीम की मौत से परिवार में मातम

मृतक नसीम की 75 साल की बीमार मां बेटे को याद कर लगातार रो रही हैं। आकिल ने कहा कि उन्हें अपने भाई के दोनों बच्चों की भी चिंता है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बच्चों को मेरठ लाएंगे और खुद उनकी परवरिश करेंगे।

परिवार ने दोनों आरोपियों के एनकाउंटर की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा में पहुंची आरक्षण हटाओ आंदोलन की झांकी

### अभियान का संदेश लेकर निकले शिवभक्त, समान शिक्षा की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कांवड़ यात्रा के दौरान जहां एक से बढ़कर एक भव्य और आकर्षक झांकियां लोगों का ध्यान खींच रही हैं, वहीं रविवार को एक अनोखी झांकी भी चर्चा का केंद्र बनी। आरक्षण हटाओ आंदोलन की झांकी आरक्षण हटाओ अभियान का संदेश लेकर कांवड़ यात्रा से गुजरी। झांकी पर समानता, शिक्षा और आरक्षण व्यवस्था को लेकर कई नारे लिखे हुए थे। झांकी के साथ चल रहे लोगों ने बताया कि उनका मुख्य संदेश सबको मिले समानता का अधिकार है। उनका कहना है कि सभी विद्यार्थी एक समान हैं और सभी को शिक्षा के समान अवसर मिलने चाहिए। झांकी पर प्रतिभा का सम्मान हो, सभी की शिक्षा समान हो, आरक्षण जाति के आधार पर नहीं, आर्थिक स्थिति के आधार पर मिले, आरक्षण हटाओ और विद्यार्थियों का शोषण बंद करो जैसे नारे लिखे थे। झांकी में शामिल लोगों का कहना था कि शिक्षा और अवसरों में समानता को लेकर वे अपना संदेश लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं। कांवड़ यात्रा जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में इस तरह का सामाजिक संदेश लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।कांवड़ियों ने कहा कि वे कांवड़ यात्रा के जरिए लोगों तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं कि आरक्षण व्यवस्था को खत्म कर सभी के लिए एक समान व्यवस्था लागू की जाए। उनका कहना है कि सभी विद्यार्थियों को समान शिक्षा और अवसर मिलने चाहिए और प्रतिभा का सम्मान होना चाहिए।आरक्षण हटाओ आंदोलन हाल में हुए सीजेपी के जंतर-मंतर प्रदर्शन के बाद चर्चा में आया है अभियान से जुड़े लोग आरक्षण व्यवस्था में बदलाव और सभी विद्यार्थियों के लिए समान शिक्षा एवं अवसर की मांग उठा रहे हैं।

# हाउस टैक्स के खिलाफ व्यापारियों का धरना

## गाजियाबाद में बोले- शिवरात्रि के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , गाजियाबाद में नगर निगम द्वारा बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में हाउस टैक्स विरोधी संघर्ष समिति का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में व्यापारी, अलग अलग व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, आरडब्ल्यूए व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग पहुंचे। जहां नगर निगम द्वारा की गई भारी टैक्स वृद्धि के खिलाफ काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह धरना नवयुग मार्केट में चल रहा है।

### हमारा आंदोलन जारी रहेगा

हाउस टैक्स विरोधी संघर्ष समिति के आयोजक सराफा एसोसिएशन गाजियाबाद के संरक्षक राजकिशोर गुप्ता ने कहा कि बढ़ा हुआ हाउस टैक्स वापस होने तक संघर्ष जारी रहेगा। यदि नगर निगम ने शीघ्र उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने पर मौजूद व्यापारियों ने मांग रखते हुए कि बढ़े हुए हाउस टैक्स के आदेश पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए तथा वर्ष 2024 में निर्धारित दरों के आधार पर ही हाउस टैक्स की गणना एवं वसूली की जाए। व्यापारियों का कहना है कि हाउस टैक्स में की गई भारी वृद्धि का असर केवल व्यापारियों पर ही नहीं पड़ेगा। बल्कि शहर के आम नागरिकों और संपत्ति स्वामियों पर भी इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा। इसलिए नगर निगम को जनहित को ध्यान में रखते हुए बढ़ी हुई दरों पर पुनर्विचार करना चाहिए।



### नगर आयुक्त और मेयर के खिलाफ नारेबाजी

धरने के चौथे दिन व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ आरडब्ल्यूए एवं सामाजिक संस्थाओं का भी समर्थन मिला। गाजियाबाद सिटी रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के संरक्षक केसी गोयल अपने साथियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में व्यापारियों के आंदोलन को समर्थन दिया। वहीं फहअ फेडरेशन से जुड़े और व्यापारी गौरव बंसल भी गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी से पूरी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि हाउस टैक्स में की गई भारी वृद्धि का असर शहर के प्रत्येक संपत्ति स्वामी पर पड़ सकता है।ऐसे में इस मुद्दे पर व्यापारियों और आरडब्ल्यूए को साथ आकर आवाज उठानी चाहिए। इस दौरान नगर आयुक्त और मेयर के खिलाफ भी नारेबाजी की गई।

# बैरिकेडिंग पर पुलिस से भिड़े लोग

## कांवड़ मार्ग पर रोकने से हुआ विवाद, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,कांवड़ यात्रा के दौरान हापुड़ रोड पर यातायात व्यवस्था में बदलाव और बैरिकेडिंग को लेकर स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों के बीच विवाद हो गया। शिवभक्तों की बढ़ती भीड़ के कारण पुलिस ने वाहनों की आवाजाही रोकी थी, जिससे परेशान होकर कुछ लोग पुलिस से उलझ गए। इस दौरान हुई कहासुनी और नोकझोंक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना रविवार को हुई, जब कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। हापुड़ रोड पर सभी प्रकार के वाहनों, यहाँ तक कि दोपहिया वाहनों को भी बैरिकेडिंग के आगे जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसी बात का विरोध करने के लिए आसपास की कॉलोनियों के निवासी पुलिसकर्मियों के पास पहुँचे।



### दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक

स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों के बीच रास्ता बंद करने को लेकर काफी देर तक बहस चलती रही। माहौल गरमाने पर दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने लोगों को कांवड़ यात्रा के दौरान लागू यातायात व्यवस्था और सुरक्षा कारणों के बारे में जानकारी दी। इस घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद लोग इस पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो के समय और स्थान की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी के तहत कई मार्गों पर यातायात डायवर्जन और बैरिकेडिंग की गई है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी व्यवस्था बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की है। अभियान से जुड़े लोग आरक्षण व्यवस्था में बदलाव और सभी विद्यार्थियों के लिए समान शिक्षा एवं अवसर की मांग उठा रहे हैं। मेरठ से गुजरती कांवड़ यात्रा में इस अभियान की झांकी ने भी इसी मुद्दे को अपने अंदाज में सामने रखा। पूरे मार्ग पर पर्याप्त रोशनी है और किसी तरह की कमी महसूस नहीं हो रही है। देहात क्षेत्र के रास्ते से आने का सोचकर पहले संकोच हुआ लेकिन ऐसा नहीं है। श्रद्धालु विशाल ने भी कांवड़ मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि रात के समय कांवड़ियों के लिए पर्याप्त रोशनी होने से यात्रा में काफी सुविधा मिल रही है।

# मेड का शव फंदे से लटका मिला

### सेक्टर-51 के मकान में काम करती थी युवती, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,नोएडा के सेक्टर-51 स्थित एक मकान में काम करने वाली करीब 18 वर्षीय मेड का शव फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद पहुंचे परिजनों ने हंगामा करते हुए हत्या का आरोप लगाया।नोएडा के थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर-51 स्थित एक मकान में रात एक मेड के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को मिली। मेड की पहचान बिहार के कटिहार जिले के आजमनगर थाना क्षेत्र के सिरकोल गांव निवासी के रूप में हुई है। वह वर्तमान में नोएडा के होशियारपुर गांव में रह रही थी और सेक्टर-51 के एक मकान में काम करती थी। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-49 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।पुलिस के अनुसार, मृतका के शरीर पर प्रथम दृष्टया किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं।

# गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर बुजुर्ग महिला से ठगी

## नोएडा में वीडियो कॉल पर मांगी रसीद, अगले दिन खाते से 9.77 लाख उड़ाए

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा,साइबर ठगों ने गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर एक बुजुर्ग से 9.77 लाख रुपए ठग लिए। ठग ने खुद को आईजीएल गैस कंपनी का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल किया और बकाया भुगतान का हवाला देते हुए रसीद मांगी। बुजुर्ग ने जैसे ही भुगतान की रसीद शेयर की, अगले दिन उनके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन कर लाखों रुपए निकाल लिए गए।खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-ढ4 स्थित सीनियर सिटीजन होम कॉम्प्लेक्स की है।खुद को गैस कंपनी का अधिकारी बतायापीड़ित ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी 2026 को दोपहर करीब एक बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को आईजीएल गैस कंपनी का अधिकारी बताते हुए कहा कि गैस बिल का भुगतान नहीं हुआ है, इसलिए उनका गैस कनेक्शन काटा



जाएगा।वीडियो कॉल पर मांगी भुगतान की रसीदजब बुजुर्ग ने बकाया होने से इनकार किया तो ठग ने उन्हें वीडियो कॉल पर जोड़ लिया। इस दौरान उसने भुगतान का प्रमाण मांगते हुए गैस बिल की रसीद शेयर करने को कहा। बुजुर्ग ने वीडियो कॉल के दौरान रसीद भेज दी। इसके तुरंत बाद ठग ने कॉल काट दिया।

# दिल्ली पुलिस के एएसपी के घर चोरी

## ग्रेटर नोएडा में लाखों के गहने और नकदी ले उड़े चोर

अमन लेखनी समाचार




ग्रेटर नोएडा, इकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र स्थित इमलिया गांव में दिल्ली पुलिस के एक सहायक पुलिस अधीक्षक के बंद मकान में चोरी हो गई। देर रात करीब 12 बजे अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने और नकदी चुरा ली।इमलिया गांव निवासी यतेंद्र नागर ने बताया कि उनके चचेरे भाई अजब सिंह दिल्ली पुलिस में एएसपी के पद पर कार्यरत हैं। गांव में उनका एक मकान है, जहां से वे कुछ दिन पहले परिवार सहित दिल्ली गए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। चोर देर रात मकान का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। उन्होंने घर से करीब 28 हजार रुपये नकद, लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहने और कुछ कीमती कपड़े चुरा लिए। परिवार के सदस्यों को घटना की जानकारी तब हुई जब वे वापस मकान पर पहुंचे और घर का सामान बिखरा हुआ देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# शैलेन्द्र कुमार मिश्रा बने यूपी जीत कुने-डो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष

**प्रदेश में जीत कुने-डो खेल के विकास और विस्तार की मिली जिम्मेदारी**

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट /सोनभद्र उत्तर प्रदेश में जीत कुने-डो खेल को नई दिशा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश जीत कुने-डो एसोसिएशन ने शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को संगठन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। एसोसिएशन के महासचिव मुकेश मिश्रा की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के माध्यम से उन्हें एक वर्ष के लिए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को प्रदेश में जीत कुने-डो खेल के प्रचार-प्रसार, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, संगठन को मजबूत बनाने तथा खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उनसे खेल के नियमों एवं संगठन की नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए प्रदेश में जीत कुने-डो को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई है। उपाध्यक्ष के रूप में उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में प्रदेश में जीत कुने-डो खेल का प्रचार-प्रसार करना, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करना, संगठन की नीतियों और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने में सहयोग देना, खेल के स्तर को बढ़ाने के लिए योजनाओं को लागू करना तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना शामिल है। नियुक्ति पर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और प्रदेश में जीत कुने-डो खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और जीत कुने-डो से जुड़े खिलाड़ियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के अनुभव और नेतृत्व में प्रदेश में इस खेल को नई पहचान मिलेगी तथा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

# गरौठा में निकली भव्य तिरंगा बाइक रैली, भारत माता के जयकारों से गूंजा कस्बा



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। मंगलवार को कस्बा गरौठा में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पूरा कस्बा देशभक्ति के रंग में नजर आया और भारत माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। तिरंगा बाइक यात्रा का शुभारंभ गायत्री नगर स्थित भाजपा कार्यालय से हुआ। रैली इंद्रानगर, रामनगर और गांधीनगर होते हुए अंबेडकर नगर पहुंची। इसके बाद राजेंद्र नगर का भ्रमण करते हुए तिरंगा यात्रा बजरंग धर्मशाला पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। रैली में नगरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन पाठक (गुड्डू पाठक), ब्लॉक प्रमुख गुरसरांय टीकाराम पटेल, एडवोकेट राजेश परिहार, धर्मेंद्र सिंह बुंदेला, मयंक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नहीं रहे विष्णु कुमार सिंह, नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ह्यतिलनह्ल के अग्रज के निधन से मलिहाबाद में शोक की लहर**

अमन लेखनी समाचार



मृतक विष्णु कुमार सिंह – फोटो

लखनऊ। सांस्कृतिक गौरव संस्थान के लखनऊ जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ह्यतिलनह्ल के अग्रज एवं नासिक (महाराष्ट्र) की प्रतिष्ठित कंपनी विष्णु एच आर इंफ्रावेंचर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विष्णु कुमार सिंह (67) के आकस्मिक निधन से नासिक और मलिहाबाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों, सामाजिक कार्यकताओं तथा शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। नासिक में लंबे समय तक अपनी कर्मभूमि बनाकर उद्योग जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले विष्णु कुमार सिंह का शुक्रवार को हृदयाघात के चलते आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन का समाचार मिलते ही पैतृक गांव तिलन सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। चिकित्सकीय एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सोमवार को उनका पार्थिव शरीर एयरलिफ्ट कर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, लखनऊ लाया गया। एयरपोर्ट पर पहले से मौजूद बड़ी संख्या में परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने नम आंखों से अंतिम दर्शन कर अपने प्रियजन को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को पैतृक आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। यहां बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वातावरण पूरी तरह गमगीन रहा। हर आंख नम थी और हर कोई उनके सरल, सहज एवं मिलनसार व्यक्तित्व को याद कर भावुक नजर आया। बाद में उनकी अंतिम यात्रा गुल्लाला घाट पहुंची, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। अनुज कृष्ण कुमार सिंह ने मुखाग्नि देकर दिवंगत को अंतिम विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। अंतिम विदाई के अवसर पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान के सचिव कृष्ण कुमार मिश्रा ह्यबाबू मिश्राह्ल, हरिशरण मिश्रा, सूर्यभान शांडिल्य, बसपा नेता सत्य कुमार गौतम, जगदीश रावत सहित सामाजिक, राजनीतिक एवं मीडिया जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। उपस्थित लोगों ने विष्णु कुमार सिंह को कर्मठ, सरल, सहज, मिलनसार एवं परिवार के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनका असमय निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में मेहनत और ईमानदारी से पहचान बनाई तथा अपने व्यवहार से लोगों के बीच विशेष स्थान बनाया था। परिजनों ने कहा कि विष्णु कुमार सिंह का जाना उनके परिवार के लिए ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनके व्यक्तित्व, स्नेह और स्मृतियां सदैव परिवार और परिचितों के बीच जीवंत रहेंगी।

## खास समाचार

# भाजपा कार्यकताओं के द्वारा चोपन में निकला गया तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

चोपन /सोनभद्र - भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने आजादी के इस पावन पर्व पर लोगों को जागरूक करने के लिए एवं अपने देश प्रेम को जाहिर करने के लिए पूरे भारत में तिरंगा यात्रा निकाल रही है 10 से 11एवं 12 तारीख तक झंडा यात्रा निकालने हैं और 13 तारिख से 14 से 15 तारीख तक हर घर झंडा लगाने का अभियान रखा है इस कार्यक्रम के निमित्त सोमवार को चोपन मंडल के चोपन नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी जनपद सोनभद्र के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष मिजार्पुर, अनिल सिंह सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, मंडल प्रभारी कमलेश चौबे,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरि,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह,मंडल अध्यक्ष चोपन भगवान दास केशरी,मंडल महामंत्री विकास चौबे,प्रदीप अग्रवाल घनश्याम चौधरी, मिनू चौबे, मनीष तिवारी, हिमांशु प्रियदर्शी, डा सुरेंद्र मौर्य, राहूल सिंह, अनिल पाठक सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहकर इस तिरंगा यात्रा मे सम्मिलित रहें

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी एवं हलवाई ट्रेड का साक्षात्कार स्थगित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चौधरी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किए जाने हेतु कार्यालय में दिनांक 01 अप्रैल 2026 के बाद पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के चयन के लिए निर्धारित साक्षात्कार अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। ट्रेड दर्जी के लिए दिनांक 11 एवं 12 अगस्त 2026 तथा ट्रेड हलवाई के लिए दिनांक 14 अगस्त 2026 को प्रातः 11:00 बजे से प्रस्तावित साक्षात्कार स्थगित किए गए हैं। साक्षात्कार की नई तिथि एवं समय की सूचना बाद में पृथक रूप से दी जाएगी। संबंधित अभ्यर्थी नवीन तिथि की सूचना के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र से संपर्क रखें।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा गुण्डा एक्ट के 01 अभियुक्त को 06 माह के लिए किया गया जिला बदर

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के क्रम में मा0 न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जनपद सोनभद्र द्वारा गुण्डा एक्ट के 01 अभियुक्त को दिनांक 10.08.2026 से अग्रिम 06 माह तक जनपद सोनभद्र की सीमा से बाहर रहने हेतु जिला बदर किए जाने का आदेश पारित किया गया था। थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र रामलल्लू निवासी निमियाटाड़ बस्ती, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र को जनपद की सीमा से बाहर ले जाकर जिला बदर आदेश की नोटिस तामील कराई गई तथा आदेश में निहित निदेर्शों से अवगत कराते हुए आवश्यक हिदायत दी गई। अभियुक्त को स्पष्ट रूप से बताया गया कि नोटिस तामील की तिथि से अग्रिम 06 माह तक वह जनपद सोनभद्र की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए जनपद की सीमा में प्रवेश करने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# तिरंगे की शान में गूंजा बेहंदर, देशभक्ति के नारों से सराबोर हुआ क्षेत्र

**भाजपा मंडल बेहंदर ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा, सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा**

अमन लेखनी समाचार



बेहंदर/हरदोई। देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल बेहंदर की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों, मंडल पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कछौना नगर पंचायत अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला ह्यपंकजह्ल रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल बेहंदर अध्यक्ष गोपेंद्र मिश्रा ने की। तिरंगा यात्रा शुरू होने से पहले भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बेहंदर ब्लॉक परिसर में एकत्र हुए। इसके बाद हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। तिरंगा यात्रा बेहंदर ब्लॉक परिसर से शुरू होकर कासिमपुर मंडर तिराहे तक पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। मार्ग में लोगों ने तिरंगा यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। बड़ी संख्या में तिरंगे लेकर चल रहे कार्यकर्ताओं के कारण यात्रा का दृश्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। कासिमपुर मंडर तिराहे से यात्रा वापस बेहंदर ब्लॉक परिसर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। राष्ट्रीय ध्वज प्रत्येक भारतीय के भीतर देश के प्रति सम्मान, गौरव और समर्पण की भावना पैदा करता है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में सक्षम शुक्ला सहित भाजपा के बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल टीम के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सैकड़ों लोगों की सहभागिता से तिरंगा यात्रा भव्य और प्रभावशाली नजर आई। पूरे आयोजन के दौरान बेहंदर क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# जनप्रतिनिधिगण जिला प्रशासन के समन्वय से छह पेयजल परियोजनाओं को मिली मंजूरी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आमजन को पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सोनभद्र के नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति को और सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने बांधों व नदियों से कच्चा जल उठाकर ट्रीटमेंट के पश्चात आपूर्ति सुनिश्चित करने व इनटेक वेल निर्माण संबंधी छह परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर रेणुकूट, अनपरा, ओबरा, पिपरी तथा सोनभद्र नगर क्षेत्र सहित अन्य नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को मजबूती मिलेगी और जल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि शासन द्वारा रिहंद, धनरौल व ओबरा बांध तथा रेणु नदी से कच्चा जल उपलब्ध कराए जाने तथा पेयजल परियोजनाओं के लिए इनटेक वेल निर्माण के संबंध में सहमति प्रदान की गई है। स्वीकृति के अनुसार पिपरी नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए रिहंद बांध से 6.53 एमएलडी, ओबरा नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए ओबरा बांध से 21.47 एमएलडी, अनपरा नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए रिहंद बांध से 30 एमएलडी, चुर्क नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए धनरौल बांध से 2.77 एमएलडी, सोनभद्र नगर पालिका परिषद पेयजल योजना के लिए धनरौल बांध से 26 एमएलडी तथा रेणुकूट नगर पंचायत पेयजल योजना के लिए रेनू नदी से 11 एमएलडी कच्चा जल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है।

### पेयजल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

जिलाधिकारी ने बताया कि परियोजनाओं के अंतर्गत इनटेक वेल, पाइप लाइन, पंपिंग स्टेशन आदि आवश्यक संरचनाओं का निर्माण उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) द्वारा कराया जाएगा। बताया कि इनटेक वेल के निर्माण से पूर्व निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बांधों से केवल लाइव स्टोरेज से ही पानी लिया जाएगा तथा निर्धारित मात्रा से अधिक से जल लेने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही इनटेक वेल का निर्माण बाढ़ एवं कटान क्षेत्र से बाहर किया जाएगा तथा संरचनाओं का डिजाइन नदी के कटान एवं सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के लिए आवश्यक ड्राइंग, डिजाइन एवं ले-आउट प्लान सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। स्टीमेट के अनुमोदन की स्वीकृति के बाद टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में नागरिकों को स्वच्छ, पर्याप्त एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। अमृत 2.0 के अंतर्गत इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से नगरीय क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा और विशेष रूप से रेणुकूट एवं अनपरा, पिपरी, चुर्क, ओबरा क्षेत्र में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बस्ती - कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत सोमवार को मण्डलायुक्त वैभव श्रीवास्तव, पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने कर्ण मंदिर, भदेश्वरनाथ मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने संबंधित अधिकारियों को कावड़ियों की सुविधा, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान मण्डलायुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने श्री भदेवश्वनाथ मंदिर में पूजा, अर्चना करते हुए जनपदवासियों, श्रद्धालुओं के सुख एवं समृद्धि की कामना किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फुटहिया, कप्तानगंज चौराहा व कावड़ यात्रा रूट का निरीक्षण किया। ड्यूटी में लगे संबधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फुटहिया चौराहें पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार, राजेश यादव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# वन विभाग से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण से विकास कार्यों में आएगी तेजी-जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के कक्ष में वन विभाग से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग, विद्युत विभाग, जल जीवन मिशन, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वन विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की विभागवार एवं बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि वन विभाग से संबंधित प्रकरणों के कारण जनपद में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी कार्य किसी भी स्थिति में अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बीएसएनएल के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वन विभाग से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण न होने के कारण जनपद के तीन जोराकाहू, कोटा, म्योरपुर ब्लॉक के बिच्छी गांव में बीएसएनएल टावरों की स्थापना का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित प्रकरणों का परीक्षण करते हुए शीघ्र ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि टावर स्थापना की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जा सके और संबंधित क्षेत्रों में दूरसंचार नेटवर्क को और बेहतर बनाया जा सके। विद्यालयों के विद्युतीकरण में आ रही बाधाओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत पोल लगाए जाने तथा प्राथमिक विद्यालयों तक विद्युत लाइन पहुंचाने में वन विभाग से संबंधित आपत्तियों एवं समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित वन विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों के विद्युतीकरण से जुड़े प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक समन्वय स्थापित किया जाए तथा विद्युत लाइन एवं पोल स्थापना में आ रही बाधाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए ऐसे कार्य अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने चाहिए। जल जीवन मिशन की 11 केवी विद्युत लाइन के कार्य में आ रही वन विभाग की आपत्ति के समाधान के निर्देश बैठक में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत विद्युत आपूर्ति के लिए 11 केवी विद्युत लाइन के तार खींचने में वन विभाग से संबंधित आ रही समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित वन एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण एवं आवश्यक समन्वय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्युत लाइन बिछाने एवं तार खींचने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जा सके और जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके। बैठक के दौरान वन अधिकार के पट्टों से संबंधित पत्रावलियों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा वन विभाग को प्रेषित किए जाने वाले प्रस्तावों तथा उन पर वन विभाग द्वारा की जा रही आपत्तियों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

# षड्यंत्र रचने वालों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद मंदिर के पुजारी का अंतिम संस्कार

**थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



गुरसरांय। थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगार में सोमवार को मंदिर के 62 वर्षीय पुजारी राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी की मौत के मामले में परिजनों द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद मंगलवार को करीब 11 बजे मृतक पुजारी का विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार, कुछ लोगों द्वारा राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के चरित्र को लेकर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद गुरसराय पुलिस उन्हें थाने लेकर आई थी। इसी दौरान उन्होंने थाना परिसर स्थित शौचालय में गमछे से फांसी लगा ली थी। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने निष्पक्ष जांच होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ग्रामीण ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद राजकुमार कुशवाहा एवं प्रमोद कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान एसपी ग्रामीण अरविंद कुमार, एसडीएम गरौठा सुनील कुमार ,सीओ गरौठा पीयूष कुमार पांडेय ,चिरगांव थाना प्रभारी बलिराज शाही, एरच थाना प्रभारी सुरजीत सिंह, गरौठा कोतवाली प्रभारी अखिलेश द्विवेदी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### लापरवाही पर पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

वहीं मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति ने लापरवाही के आरोप में गुरसराय थाना प्रभारी राजेश दुबे, सहित एक उपनिरीक्षक व दो कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही गरौठा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी को गुरसराय थाने का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

# नशे के अवैध कारोबार पर ओबरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**27.10 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार।**

**बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 2.75 लाख, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, चिमटी एवं नकदी भी बरामद।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस को मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना ओबरा पुलिस द्वारा दिनांक 09.08.2026 को समय करीब 18:45 बजे रविदास नगर वार्ड नं0-01, बिल्ली में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग/गश्त के दौरान एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 27.10 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.75 लाख है। पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त रितेश जायसवाल पुत्र सुरेश जायसवाल निवासी रविदास नगर वार्ड नं0-01, बिल्ली, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 7 डॉग्स 21 को होगी रिलीज सलमान-संजय आएंगे नजर

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और संजय दत्त 26 साल बाद फिर से एक साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। चल मेरे भाई और साजन जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके सलमान और संजय की आगामी फिल्म 7 डॉग्स है। 7 डॉग्स एक इंटरनेशनल फिल्म है, जिसमें सलमान खान और संजय दत्त भी अहम भूमिकाएं निभाने वाले हैं। मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म का टीजर भी आ गया है। यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में 21 अगस्त को आ रही है। आदिल अल अरबी और बिलाल फल्लाह के निर्देशन में बनी सऊदी अरब की एक्शन फिल्म 7 डॉग्स की कहानी एक इंटरपोल अधिकारी और एक अपराधी के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ मिलकर काम करते हैं।

लाइफ Style



# नयनतारा

## टॉक्सिक के लिए तोड़ा नो प्रमोशन रूल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय और चर्चित अभिनेत्रियों में नयनतारा आमतौर पर न तो ज्यादा इंटरव्यू देती हैं और न ही अपनी फिल्मों के प्रमोशनल इवेंट्स, ट्रेलर लॉन्च या प्री-रिलीज कार्यक्रमों में नजर आती हैं. यही वजह है कि जब भी वह किसी फिल्म के प्रमोशनल कार्यक्रम में पहुंचती हैं, तो यह चर्चा का विषय बन जाता है।

इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब वह यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक'के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में पहुंचीं। अभिनेत्री ने खुद बताया कि उन्होंने इस इवेंट में शामिल होने के लिए अपने पुराने नियम में बदलाव क्यों किया। नयनतारा जल्द ही यश स्टारर फिल्म टॉक्सिकमें गंगा के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान उन्होंने फिल्म को लेकर अपनी बात रखी। हालांकि, सबसे ज्यादा ध्यान उनकी उस बात ने खींचा, जिसमें उन्होंने प्रमोशनल इवेंट्स से दूरी बनाने की वजह बताई। नयनतारा ने कहा, 'मुझे प्रमोशनल इवेंट्स में शामिल होने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन मैं इस तरह के कार्यक्रमों में अच्छी नहीं हूं। मुझे लगता है कि ऐसे कार्यक्रमों में मैं उस तरह से सहज नहीं हो पातीं, जिस तरह दूसरे कलाकार आसानी से अपनी बात रखते हैं। इसलिए मैं अक्सर प्रमोशनल इवेंट्स से दूर रहना ही पसंद करती हूं। मेरा इन कार्यक्रमों से दूर रहना किसी तरह की नाराजगी या अपनी फिल्मों के प्रति कम दिलचस्पी की वजह से नहीं है।' टॉक्सिक के मामले में नयनतारा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में शामिल होने के पीछे कई वजहें थीं, लेकिन सबसे बड़ी वजह यश थे।

हॉलीवुड मसाला



# साई-फाई एक्शन में प्रियंका की एंट्री

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की बड़ी स्टार बन चुकी है। बॉलीवुड में पहचान हासिल करने के बाद उन्होंने इंटरनेशनल फिल्मों में काम किया और आज के समय में 'देसी गर्ल' विदेशी फिल्मों में लीड रोल्स से सफलता का परचम लहरा रही हैं। वह एक के बाद एक हॉलीवुड फिल्में कर रही हैं, वो भी बतौर लीड। प्रियंका चोपड़ा की एक और फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। द ब्लफ और हेड्स ऑफ स्टेट के बाद प्रियंका ने अपकमिंग साई-फाई एक्शन थ्रिलर ब्लूफ्लाई साइन कर ली है।



# द ओडिसी ने तोड़ा नोलन की फिल्मों का रिकार्ड

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता और निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की हालिया रिलीज फिल्म 'द ओडिसी' को दर्शकों ने जमगकर प्यार दिया है। इतना कि यह फिल्म अब उनके कॅरियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। यहां जानें फिल्म ने अब तक कितनी कमाई कर ली है। साथ ही पढ़ें कि इसने अब तक किन फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा है? फिल्म ओडिसी ने अपनी रिलीज के पहले दिन से ही दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की थी। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने रविवार को फिल्म के कलेक्शन से जुड़ी जानकारी साझा की। मेकर्स ने बताया कि 'द ओडिसी' ने नोलन की पिछली फिल्मों के कलेक्शन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। दुनियाभर में 10,515.99 करोड़ रुपए कमाकर 'द ओडिसी' नोलन की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।



# सितंबर से पहले पूरी करेंगी राका की शूटिंग

मुंबई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एक बिटिया दुआ के माता-पिता हैं। कपल के परिवार में एक बार फिर किलकाली गूंजने वाली है। 'दीपवीर' अपने दूसरे बच्चे का स्वागत करेंगे। दीपिका आठ माह की गर्भवती हैं। अगले महीने उनके घर किलकारी गूंजेगी। इससे पहले वे 'राका' की शूटिंग पूरी कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण सितंबर में अपनी डिलीवरी से पहले-पहले 'राका' की शूटिंग पूरी करने वाली हैं। आठ महीने की प्रेग्नेंसी में भी दीपिका फिल्म की शूटिंग जारी रखे हुए हैं। खबर है कि जरूरत पड़ने पर वह देर रात तक काम कर रही हैं। फिल्मफेयर के मुताबिक, प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'दीपिका आठ माह के गर्भ से हैं। अगले महीने वे बच्चे को जन्म देंगी। इन दिनों दीपिका पादुकोण आठ माह की गर्भावस्था में भी 'राका' की शूटिंग कर रही हैं।



# फिर साथ काम करेंगे जॉन और शिवम

मुंबई। फिल्म 'द डिप्लोमैट' के बाद जॉन अब्राहम एक बार फिर शिवम नायर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। ऐसी चर्चा है कि दोनों ने आगामी प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों जिस एक्शन थ्रिलर फिल्म पर काम कर रहे हैं, उसका अभी कोई नाम नहीं रखा गया है। इसमें दो मेल लीड होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक जॉन की अगली फिल्म एक कमर्शियल एंटरटेनर होगी। इसे शिवम नायर के अब तक के सबसे मेनस्ट्रीम प्रोजेक्ट्स में से भी एक बताया जा रहा है। हालांकि, फिल्म की बाकी कास्ट और दूसरे हीरो को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। बॉलीवुड हंगामा के अनुसार, शुरुआती बातचीत के दौरान ही जॉन अब्राहम को यह प्रोजेक्ट पसंद आ गया। पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जॉन इस कॉन्सेप्ट से बहुत प्रभावित हुए।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 : पहले ही हफ्ते बाहर हुए विशाल

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शुरुआत हो चुकी है और शो से पहला एलिमिनेशन भी हो गया है। इस एलिमिनेशन के चलते सोशल मीडिया यूजर मायूस हो गए हैं, क्योंकि किसी को उम्मीद नहीं थी कि पहले ही हफ्ते में शो से इतना मजबूत कंटेस्टेंट बाहर हो जाएगा। 'खतरों के खिलाड़ी' के इस सीजन में नए कंटेस्टेंट्स के साथ-साथ पुराने खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया है और खिलाड़ी नए-पुराने दो ग्रुप में परफॉर्म कर रहे हैं। बिग बॉस 19 विनर गौरव खन्ना ने भी शो में एंट्री ली है, जो हाल ही के एपिसोड में 'पनौती' टैग पर बात करते दिखे। इस बीच शो से पुराने खिलाड़ी विशाल आदित्य सिंह की छुट्टी हो गई, जिसने एक्टर के फैंस को मायूस कर दिया है। हाल ही के एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को गर्म वैक्स में एक दर्दनाक स्टंट करना था। इस टास्क में चार कंटेस्टेंट रुबीना दिलैक, रूहानिका धवन, विशाल आदित्य सिंह और हर्ष गुजराल को अपने-अपने हाथों पर गर्म वैक्स इकट्ठा करना था। ये टास्क बेहद दर्दनाक था। जब होस्ट रोहित शेट्टी ने टास्क के बारे में बताया तो सभी कंटेस्टेंट घबरा गए। उन्होंने बताया कि ये स्टंट 10 मिनट तक चलेगा और अगर किसी भी कंटेस्टेंट को लगे कि वह इसे और आगे नहीं कर सकते तो वह कभी भी पीछे हट सकते हैं। जो कंटेस्टेंट ज्यादा वैक्स इकट्ठी कर पाएगा, वही टास्क का विनर होगा और एलिमिनेशन से सुरक्षित हो जाएगा। स्टंट शुरू होने से पहले रूहानिका धवन भावुक हो गईं और रोने लगीं। ऐसे में रुबीना ने उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश की और साथ ही ये भी माना कि उन्हें भी काफी डर लग रहा है।

## अब अजय होस्ट करेगा क्राइम पेट्रोल?

नई दिल्ली। सीरियल 'क्राइम पेट्रोल' अपने एपिसोड्स के जरिए समाज में होने वाली वारदातों को नाट्य रूपांतरण करके पेश करता है। इस सीरियल को अनूप सोनी ने कई साल तक होस्ट किया।



मगर, अब आईएनएस की रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी जगह बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने ले ली है। अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए फैंस को एक हिंट दी है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट साझा की जिसके कैप्शन में उन्होंने 'कमिंग सून' लिखा है। वहीं, वीडियो में अजय कहते हैं, 'कभी-कभी कुछ बातें हमें अंदर से परेशान करती हैं। आज हमारे सामने एक ऐसा सच है जिसे जानकर मैं दंग रह गया हूं। मैं जल्द ही इसे आपके सामने पेश करूंगा।'एक्टर के इस पोस्ट को फैंस 'क्राइम पेट्रोल' के नए सीजन से जोड़कर देख रहे हैं। वहीं कुछ का कहना है कि अजय नेटफ्लिक्स पर कुछ लेकर आने वाले है। हालांकि, इस पूरे मामले पर मेकर्स की तरफ से अब तक कोई ऑफिशियल जानकारी साझा नहीं की गई है।

# आकाश, समीर और सिड आज भी वैसे ही लगते हैं : फरहान

मुंबई। एक्टर आमिर खान, सैफ अली खान और अक्षय खन्ना की आइकोनिक फिल्म 'दिल चाहता है' को सोमवार को रिलीज हुए 25 साल हो गए, फिर भी इस फिल्म का जादू आज भी फैंस के दिलों में मौजूद है। इस खास मौके पर फरहान अख्तर ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। 'दिल चाहता है' के 25 साल पूरे होने पर एक्टर फरहान अख्तर ने एक खास पोस्ट शेयर की। पोस्ट में उन्होंने फिल्म के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी। साथ ही इमोशनल कैप्शन लिखते हुए उन्होंने कहा- 'यकीन ही नहीं हो रहा कि 25 साल हो गए आकाश, समीर और सिड तो आज भी वैसे ही लगते हैं, जैसे एक दिन भी बड़े नहीं हुए। दिल से शुक्रिया आप सभी दर्शकों का, जिन्होंने इसे आज तक जिंदा रखा और इतना खास बनाए रखा। आप सबको ढेर सारा प्यार।'बता दें कि यही वो फिल्म थी, जिससे फरहान अख्तर ने अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म को लेकर दिलचस्प बात यह है कि फरहान ने अपनी पहली फिल्म तब लिखी थी जब वह जीवन को लेकर उलझन में थे।



उस समय में हिंदी सिनेमा कुछ अलग पैमानों पर फिल्में बनाई जाती थीं, लेकिन फरहान ने अपने दिल की सुनी और एक ऐसी फिल्म बनाई जिसने उन पैमानों को तोड़ दिया। इस फिल्म ने गोवा में टूरिज्म को भी बढ़ावा देने में काफी मदद की। इस खास मौके पर फरहान अख्तर ने एक और पोस्ट शेयर की है। ये पोस्ट युवा फिल्ममेकर्स जुड़ी है। दरअसल दिल चाहता है निर्देशक के तौर पर फरहान अख्तर की पहली फिल्म थी। इसके 25 साल पूरे होने पर फरहान और भारतीय प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी ने मिलकर एक नई पहल की शुरुआत की है। उन्होंने एक्सेल ओरिजिन्स नाम से एक नई पहल का आगाज किया है, जिसका मकसद 30 साल से कम उम्र के डायरेक्टर्स और राइटर्स को अपना आइडिया दुनिया के सामने शेयर करने का मौका मिलेगा।

# मिर्जापुर द मूवी के नए पोस्टर जारी एक्शन अंदाज में दिखे कलाकार

मुंबई। जल्द ही पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी'का ट्रेलर रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने इसके कुछ पोस्टर साझा किए हैं, जिनमें पंकज त्रिपाठी के अलावा तीन अन्य कलाकार दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी'के नए पोस्टर में गुड्डू पंडित के रोल में अली फजल और बबलू पंडित के किरदार में जितेंद्र कुमार दिखाई दे रहे हैं। वहीं, कालीन भैया के रोल में पंकज त्रिपाठी और दिव्यंदु मुन्ना भैया के रोल में नजर आ




रहे हैं। यह पोस्टर फिल्म के ट्रेलर रिलीज से दो दिन पहले मेकर्स ने जारी किए हैं। इस फिल्म का ट्रेलर 11 अगस्त को रिलीज होगा। इस फिल्म में कई जाने-पहचाने किरदारों की वापसी हो रही है। यह कहानी चर्चित सीरीज से बड़े पर्दे पर आ रही है। जितेंद्र कुमार 'बबलू पंडित' का किरदार निभा रहे हैं, जिसे पहले सीरीज में विक्रांत मैसी ने निभाया था। वह पोस्टर में बंदूक लिए नजर आ रहे हैं। वहीं अली फजल 'गुड्डू पंडित' के रोल में दिख रहे हैं, जिनके हाथ में भी गन है। दोनों का यह अंदाज फैंस का पसंद आया है। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' 4 सितंबर, को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह हिंदी और तेलुगु भाषा में भी रिलीज होगी। इसमें रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, रसिका दुगल, मोहित मलिक, शीबा चड्ढा, राजेश तैलंग, प्रमोद पाठक, श्रिया पिलगांवकर, हर्षिता शेखर गौड़, श्वेता त्रिपाठी, सोनल एस. चौहान, अनंग्शा बिस्वास, शाजी चौधरी, सतेन्द्र सोनी, कुलभूषण खरबंदा और सुशांत सिंह भी नजर आएंगे। गुरमीत सिंह द्वारा यह फिल्म निर्देशित की गई है। वहीं पुनीत कृष्णा इसके लेखक हैं। इसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी को-प्रोड्यूसर हैं।

## भारत भाग्य विधाता से केबीसी 18 तक

# इस सप्ताह ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का मेला

*नई दिल्ली। ओटीटी पर अगस्त का पहला वीक काफी शानदार रहा। मैं वापस आऊंगा से लेकर ऑपरेशन सफेद सागर तक, कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। सोमवार से एक नया सप्ताह शुरू हो गया है। इस बार भी पिटारे में काफी कुछ शानदार है।*

### कौन बनेगा करोड़पति 18

इस वीक का पहला शगुन 'केसीबी 18' है। क्विज रियलिटी शो का 18वां सीजन 10 अगस्त से शुरू हो गया है। एक बार फिर अमिताभ बच्चन बतौर होस्ट कमान संभालने वाले हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' को दर्शक रात नौ बजे से सोनी लिव पर देख सकते हैं।

### भारत भाग्य विधाता

कंगना रनौत की फिल्म भी इस वीक दस्तक देगी। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म को दर्शक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं। कंगना की यह फिल्म 14 अगस्त से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है। फिल्म को जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा।

### कॉकटेल 2

शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। कॉकटेल 2 14 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह फिल्म 19 जून को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।



### बिग बॉस- द कॉमन मैन

यह तमिल भाषा के लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' का एक डिजिटल प्री-शो और स्पिन-ऑफ है। यह 16 अगस्त को रिलीज होगा। इसे दर्शक जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। यह नया रियलिटी शो 'बिग बॉस' की दुनिया का ही एक हिस्सा है, जिसमें आम लोगों को कंटेस्टेंट के तौर पर बुलाया जा रहा है। शो का विनर विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'बिग बॉस तमिल' के आने वाले सीजन 10 में हिस्सा लेने का हकदार होगा।



### ट्रेटर्स 2

रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन का ऐलान भी हो चुका है और इस वीक से यह स्ट्रीम भी होगा। करण जौहर के इस रियलिटी शो के दूसरे सीजन में मल्लिका शेरावत, रिया चक्रवर्ती, मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा समेत 21 सेलिब्रिटीज हिस्सा लेंगे। 'द ट्रेटर्स सीजन 2' 13 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगा।

### इन द ग्रे

यह एक एक्शन से भरपूर फिल्म है, जिसमें थ्रिल भी भरपूर मिलेगा। फिल्म का निर्देशन गॉय रिची ने किया है। इसमें जेक जिलनहॉल और हेनरी कैविल अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।